RNI NO. PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 03 | ISSUE 96 | THURSDAY DATE 30-04-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

### गुस्ताखी माफ

पास नहीं तो ना सही, भले बिके यह दूर।
ले आयेंगे दौड़ कर, जाकर वहां हजूर।
जाकर वहां हजूर, ढूंढ़ ही लेंगे ठेला।
पास बिके या दूर, फर्क ना पड़ता धेला।
कह साहिल कविराय, रोक ना यूं पायेंगे।
भले पास या दूर, दौड़ कर ले आयेंगे।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

## संक्षिप्त खबरें



### राजस्थान हाई कोर्ट से आसाराम को राहत, मेडिकल कारणों से 25 मई तक बढ़ी जमानत

**जोधपुर, यूटर्न/ 29 अप्रैल।** राजस्थान हाई कोर्ट ने बुधवार को रेप केस में उम्रकैद की सजा काट रहे स्वयंभू धर्मगुरु आसाराम की अंतरिम जमानत को चिकित्सा कारणों से 25 मई तक बढ़ा दिया। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एसपी शर्मा और न्यायमूर्ति संगीता शर्मा की खंडपीठ ने आसाराम की जमानत अवधि बढ़ाने के लिए दायर एक आवेदन पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया, जिसकी अवधि मई की शुरूआत में समाप्त होने वाली थी। अदालत ने निर्देश दिया कि अंतरिम राहत 25 मई तक या उच्च न्यायालय द्वारा उनकी लंबित आपराधिक अपील पर फैसला सुनाए जाने तक, जो भी पहले हो, जारी रहेगी। आसाराम की ओर से पेश हुए अधिवक्ता यशपाल राजपुरोहित ने बताया कि हाई कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के निदेशों के अनुसार अपील पर सुनवाई पूरी कर ली है और अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है।

### नई दिल्ली में भारत-इटली रक्षा वार्ता, इटली के रक्षा मंत्री से मिलेंगे राजनाथ सिंह



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 अप्रैल।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इटली के रक्षा मंत्री गुइडो क्रोसेट्टो के साथ एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय वार्ता करने जा रहे हैं। यह द्विपक्षीय वार्ता ऐसे समय में हो रही है, जब वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य लगातार बदल रहा है। बदलते सुरक्षा परिदृश्य के चलते विभिन्न देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी की अहमियत भी बढ़ गई है। राजनाथ सिंह व इटली के रक्षामंत्री के बीच यह वार्ता 30 अप्रैल को नई दिल्ली में होगी। इसे भारत और इटली के बीच रक्षा सहयोग को और मजबूत करने की दिशा में एक अहम पहल माना जा रहा है। इस मुलाकात के दौरान दोनों नेता भारत और इटली के बीच रक्षा सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा करेंगे। इसमें सैन्य सहयोग, रक्षा उद्योग में साझेदारी, नई तकनीकों के आदान-प्रदान और रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में संभावनाओं पर विशेष ध्यान रहेगा। साथ ही क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर भी विचार-विमर्श होगा, ताकि दोनों देश एक साझा समझ विकसित कर सकें। गौरतलब है कि भारत और इटली के बीच रक्षा संबंधों में पिछले कुछ वर्षों में काफी प्रगति हुई है। अक्टूबर 2023 में राजनाथ सिंह की इटली यात्रा के बाद इन संबंधों को नई गति मिली थी। उस यात्रा के दौरान दोनों देशों ने रक्षा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई थी। अब इटली के रक्षा मंत्री की यह पहली भारत यात्रा इस बात का संकेत है कि दोनों देश इस सहयोग को और आगे ले जाने के लिए गंभीर हैं।

# किसानों के साथ पूरी प्रतिबद्धता से खड़ी है दिल्ली सरकार: रेखा गुप्ता




» **नयी दिल्ली, यूटर्न/ 29 अप्रैल।**

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार किसानों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। श्रीमती गुप्ता ने आज कहा कि इस वर्ष प्रतिकूल मौसम के कारण गेहूं की फसल की गुणवत्ता प्रभावित हुई है। ऐसे में किसानों की परेशानी कम करने और उन्हें मजबूरी में कम कीमत पर अपनी उपज बेचने से बचाने के उद्देश्य से दिल्ली सरकार ने ठोस पहल की है।

उन्होंने बताया कि 21 अप्रैल से रबी मार्केटिंग सीजन (आरएमएस) 2026-27 के लिए पूरी दिल्ली के सभी जिलों में गेहूं खरीद के गुणवत्ता मानकों में विशेष छूट को मंजूरी दी गई है, जो इस सीजन की शुरूआत से ही लागू होगी। उन्होंने कहा कि संशोधित व्यवस्था के तहत अब गेहूं में चमक की कमी (लस्टर लॉस) को 70 प्रतिशत तक स्वीकार किया जाएगा।

इसके साथ ही सिकुड़े और टूटे दानों की सीमा को पहले के 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत तक कर दिया गया है ताकि मौसम से प्रभावित फसल भी खरीद के दायरे में आ सके, हालांकि गुणवत्ता का संतुलन बनाए रखने के लिए यह स्पष्ट किया गया है कि टूटे और हल्के टूटे दाने मिलाकर 6 प्रतिशत से अधिक नहीं होने चाहिए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि छूट के तहत खरीदा गया गेहूं अलग तरीके से संभाला जाएगा। इस गेहूं को सामान्य स्टॉक से अलग रखकर उसका अलग भंडारण किया जाएगा और उसका पूरा हिसाब-किताब अलग से रखा जाएगा ताकि पारदर्शिता बनी रहे। उन्होंने बताया कि इस तरह के गेहूं को प्राथमिकता के आधार पर सबसे पहले इस्तेमाल किया जाएगा, यानी इसे देर तक स्टोर नहीं रखा जाएगा।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार खरीदे गए गेहूं का उपयोग केवल दिल्ली के भीतर ही किया जाएगा, जिससे स्थानीय खाद्य आवश्यकताओं की पूर्ति सुनिश्चित हो सके।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अगर भंडारण के दौरान इस गेहूं की गुणवत्ता में कोई गिरावट आती है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी दिल्ली सरकार की होगी। मुख्यमंत्री का कहना है कि दिल्ली सरकार किसानों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

यह निर्णय किसानों को राहत देने, उनकी मेहनत का उचित मूल्य सुनिश्चित करने और खाद्य सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस निर्णय से उत्पन्न होने वाले किसी भी प्रकार के वित्तीय या संचालन संबंधी प्रभाव की पूरी जिम्मेदारी दिल्ली सरकार स्वयं वहन करेगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी, जिम्मेदार और समयबद्ध तरीके से लागू किया जाए ताकि इसका लाभ सीधे किसानों और उपभोक्ताओं तक पहुंचे।

## ग्रेट निकोबार में 'विकास नहीं, विनाश की साजिश' रची जा रही है: राहुल गांधी



**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 29 अप्रैल।** लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि अंडमान-निकोबार के ग्रेट निकोबार में विकास नहीं बल्कि विनाश की साजिश रची जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि केन्द्र सरकार जिस योजना को 'प्रोजेक्ट' बता रही है, वह दरअसल बड़े पैमाने पर जंगलों की कटाई और लोगों के विस्थापन का कारण बन रही है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के तहत करीब 160 वर्ग किलोमीटर वर्षा वनों को खत्म किया जा रहा है, लाखों पेड़ों को काटने के लिए चिन्हित किया गया है और स्थानीय समुदायों की अनदेखी कर उनके घर छीने जा रहे हैं। उन्होंने इस क्षेत्र का दौरा करने के बाद केंद्र सरकार की परियोजना पर हमला करते हुए कहा कि वहां के आदिवासी समुदाय और बसने वाले लोग बेहद सरल और सुंदर हैं, लेकिन उनके अधिकारों का हनन किया जा रहा है। श्री गांधी ने इसे विकास नहीं बल्कि 'विकास की भाषा में छिपा विनाश' करार दिया। उन्होंने इसे देश की प्राकृतिक और जनजातीय विरासत के खिलाफ सबसे बड़े अपराधों में से एक बताते हुए कहा कि इसे तुरंत रोका जाना चाहिए। श्री गांधी ने कहा कि अगर देश के लोग इस मुद्दे की सच्चाई को समझें और इसके खिलाफ आवाज उठाएं तो यह सब रोका जा सकता है।

## ममता बनर्जी ने केंद्रीय बलों पर मतदाताओं को परेशान करने का लगाया आरोप

» **कोलकाता, यूटर्न/ 29 अप्रैल।**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के दौरान केंद्रीय बलों पर मतदाताओं को परेशान करने और निर्दोष लोगों के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया।

ममता बनर्जी ने दक्षिण कोलकाता के भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र स्थित मित्रा इंस्टीट्यूशन मतदान केंद्र पर शाम करीब 4:30 बजे अपना वोट डाला। मतदान के बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और हिंसा मुक्त मतदान के नाम पर केंद्रीय बलों ने महिलाओं और बच्चों सहित कई निर्दोष मतदाताओं को प्रताड़ित किया।

उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग द्वारा तैनात केंद्रीय बल पूरे दिन पुलिस पर्यवेक्षकों के निर्देश पर तृणमूल कांग्रेस के नेताओं,



कार्यकर्ताओं और यहां तक कि पोलिंग एजेंटों को भी निशाना बना रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा, 'क्या यह वास्तव में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव है? मैंने मतदान के दिन केंद्रीय बलों को कई तरह के अत्याचार करते देखा है। इसके बावजूद मुझे इस वर्ष विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस की जीत का पूरा भरोसा है।'

## गंगा एक्सप्रेसवे उद्घाटन पर अखिलेश का तंज

### महंगाई और महिला आरक्षण को लेकर सरकार को घेरा

» **लखनऊ, यूटर्न/ 29 अप्रैल।**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गंगा एक्सप्रेसवे के उद्घाटन को लेकर केंद्र और राज्य की सरकार पर हमला बोला। उन्होंने दावा किया कि एक्सप्रेसवे निर्माण की सोच समाजवादियों की देन है और वर्तमान सरकार अधूरे प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन कर रही है। साथ ही महंगाई, महिला आरक्षण और चुनाव प्रणाली जैसे मुद्दों पर भी सरकार को घेरा।



लखनऊ में बुधवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान अखिलेश यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गंगा एक्सप्रेसवे के उद्घाटन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि एक्सप्रेसवे निर्माण की असली समझ समाजवादी पार्टी ने दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार अधूरे एक्सप्रेसवे बनाकर उनका उद्घाटन कर रही है, जबकि पूर्ववर्ती सरकार ने बेहतर गुणवत्ता और सुविधाओं वाले प्रोजेक्ट्स तैयार किए थे।

उन्होंने कहा कि नोएडा-आगरा एक्सप्रेसवे समेत कई प्रमुख परियोजनाएं समाजवादी सरकार की उपलब्धियां रही हैं, जिनमें बेहतर सुविधाएं और प्लानिंग थी। उन्होंने सवाल उठाया कि प्रधानमंत्री ने आगरा के विकास की बात तो की, लेकिन उसके अनुरूप ठोस कार्य नहीं हुए। सपा अध्यक्ष ने महंगाई के मुद्दे पर कहा कि जब तक 'बुरे दिन' खत्म नहीं होंगे, तब तक आम जनता को राहत नहीं मिलेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने कुछ चुनिंदा लोगों को लाभ पहुंचाकर अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाया है।

## भाजपा ने 'बंगाल फतह' के लिए ऐसे की घेराबंदी, 'सिंडिकेट और घुसपैठियों' पर सवाल, 4 मई का इंतजार

» **कोलकाता, यूटर्न/ 29 अप्रैल।**

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव इस बार एक ऐतिहासिक और बेहद आक्रामक सियासी लड़ाई का गवाह बना है। सत्ता परिवर्तन के लक्ष्य के साथ चुनावी रण में उतरी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इस चुनाव में अपनी पूरी शीर्ष नेतृत्व की ताकत झोंक दी। चुनाव प्रचार के आखिरी दिन तक जिस तरह से भाजपा के दिग्गजों ने पश्चिम बंगाल के चप्पे-चप्पे पर रैलियों और रोड-शो का आयोजन किया, वह इस बात



का प्रमाण है कि पार्टी के लिए यह महज एक राज्य का चुनाव नहीं, बल्कि एक वैचारिक और राजनीतिक अस्मिता की लड़ाई थी। भाजपा के पूरे चुनावी अभियान का मुख्य केंद्र बिंदु राज्य की सत्तारूढ़ सरकार को 'सिंडिकेट राज' और 'घुसपैठियों' के मुद्दे पर घेरना रहा।

भाजपा ने पश्चिम बंगाल फतह के लिए अपने सबसे बड़े चेहरों को लगातार चुनावी प्रचार के मैदान में उतारे रखा। जनसभाओं, विजय संकल्प रैली और रोड शो की संख्या यह बताने के लिए काफी है कि भाजपा ने किस स्तर की ताकत लगाई है।

भाजपा के मुख्य रणनीतिकार और मौजूदा राजनीति के 'चाणक्य' माने जाने वाले अमित शाह ने पश्चिम बंगाल में मोर्चा संभाले रखा। उन्होंने मार्च के अंत में 'परिवर्तन यात्रा' के शुभारंभ से लेकर 27 अप्रैल को प्रचार के अंतिम दिन तक धुआंधार रैलियां और जनसभाएं करते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस सरकार को घेरा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 10, 11, 13, 14, 15, 21, 22, 23, 24, 25, 26 और 27 अप्रैल को लगातार बैक-टू-बैक जनसभाएं, रोड-शो और प्रेस कॉन्फ्रेंस कर टीएमसी सरकार पर सीधा हमला बोला।

# दिल्ली हाईकोर्ट ने ईडी की याचिका पर अरविंद केजरीवाल को जारी किया नोटिस

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 अप्रैल।**

दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को ईडी के समन से जुड़े मामले में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई जुलाई में होगी। दिल्ली शराब नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने समन की अवहेलना मामले में 'आप' प्रमुख अरविंद केजरीवाल के खिलाफ हाईकोर्ट का रुख किया। बुधवार को मामले में सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने ईडी की याचिका पर अरविंद केजरीवाल को नोटस जारी किया।



ईडी ने केजरीवाल पर पूछताछ के लिए जारी समन की अवहेलना का आरोप लगाते हुए राऊज एवेन्यू कोर्ट में शिकायत दायर की थी। हालांकि, निचली अदालत ने केजरीवाल को बरी कर दिया था। अदालत ने माना था कि उपलब्ध सबूत उनके खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। यह फैसला अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पारस दलाल ने सुनाया था। इसी फैसले को ईडी ने हाईकोर्ट में चुनौती दी है। ईडी का आरोप था कि केजरीवाल ने अलग-अलग तारीखों पर जारी पांच समन के बावजूद एजेंसी के सामने पेशी नहीं दी। एजेंसी का कहना था कि एक उच्च पद पर बैठे व्यक्ति की ओर से समन की अवहेलना गलत उदाहरण पेश करती है, इसलिए इस मामले में कार्रवाई जरूरी है। इसमें यह भी आरोप लगाया गया था कि केजरीवाल ने बेतुके बहाने बनाए और जान-बूझकर जांच में शामिल न होने के लिए आधार तैयार किए। वहीं, अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया के खिलाफ सीबीआई मामले में भी बुधवार को सुनवाई हुई। दिल्ली हाईकोर्ट की जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की बेंच ने कुछ प्रतिवादियों की ओर से जवाब दाखिल नहीं किए जाने पर मामले की सुनवाई को 4 मई तक टाल दिया। जस्टिस शर्मा ने कहा कि कुछ प्रतिवादियों ने अभी तक अपना जवाब दाखिल नहीं किया है। इसे शनिवार तक पूरा कर लिया जाए।

## झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 29 अप्रैल।** गांधी नगर इलाके में सोमवार को ड्रग कंट्रोलर व जिला स्वास्थ्य विभाग ने झोलाछाप डॉक्टर के क्लीनिक पर गुप्त सूचना के आधार पर छापा मारकर कार्रवाई की। ड्रग कंट्रोलर विभाग के अधिकारी सुरेश ने बताया कि कार्रवाई को आगे बढ़ाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर शिवाजी नगर पुलिस को सौंप दिया गया है। मंगलवार को उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सीएमओ डॉ लोकवीर ने बताया कि कार्रवाई के दौरान टीम को मौके पर एक मरीज भर्ती मिला, जिसका इलाज आरोपी मिराज आलम कर रहा था। जांच में सामने आया कि आरोपी के पास किसी प्रकार की मेडिकल डिग्री या वैध चिकित्सकीय लाइसेंस नहीं था।

## कार सवारों ने रास्ता रोक तीन भाइयों और भाभी को पीटा

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 29 अप्रैल।** कविनगर क्षेत्र में स्कूटी सवार भाइयों और उनकी भाभी पर कार सवारों की ओर से हमला कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। घटना कविनगर थाना क्षेत्र के गोविंदपुरम इलाके में 24 अप्रैल रात 10 बजे हुई थी। गोविंदपुरम के विष्णु एन्क्लेव निवासी हिमांशु ने बताया कि अपने भाई लखन और रितिक व भाभी के साथ स्कूटी व बाइक से शादी समारोह में शामिल होकर घर लौट रहे थे। गरिमा गार्डन पहुंचते ही बिना नंबर प्लेट की कार में सवार युवकों ने बाइक व स्कूटी के सामने कार लगाकर रास्ता रोक दिया। विरोध करने पर गाली गलौज करते हुए डंडे लेकर हमला कर दिया। आरोपियों ने बाइक और स्कूटी भी तोड़ दी। हमला करने से दोनों भाईयों को चोटें आई हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### फैक्टरी की निमार्णाधीन दीवार गिरी, तीन वर्षीय बच्ची की मौत

**लोनी, यूटर्न/ 29 अप्रैल।** ट्रॉनिका सिटी क्षेत्र की रामपार्क सुधीर एन्क्लेव कॉलोनी में सोमवार रात आंधी से कॉस्मेटिक फैक्टरी की निमार्णाधीन दीवार का एक हिस्सा गिर गया। हादसे में पड़ोसी के मकान की छत पर खेल रही तीन वर्षीय बच्ची साक्षी की मलबे में दबकर मौत हो गई, जबकि पिता इंदलराम गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मूलरूप से बिहार के सिरसा निवासी इंदलराम राजमिस्त्री हैं। वह पत्नी मुन्नी देवी, बेटे मनकूश और बेटी साक्षी (3) के साथ किराये के मकान में रहते हैं। सोमवार शाम इंदलराम काम से लौटे थे। घर में गैस सिलिंडर न होने के कारण मुन्नी देवी छत पर खाना बना रही थीं। उनके साथ बेटा मनकूश था। इंदलराम छत के दूसरी ओर बेटी साक्षी के साथ बैठे थे। पड़ोस में तीन मंजिला कॉस्मेटिक क्रीम फैक्टरी का निर्माण चल रहा है। शाम को आई आंधी से फैक्टरी की तीसरी मंजिल की निमार्णाधीन दीवार का हिस्सा टूटकर गिर गया। इसके मलबे में इंदलराम और साक्षी दब गए। मुन्नी देवी के शोर मचाने पर पड़ोसी पहुंचे और दोनों को निकालकर अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने साक्षी को मृत घोषित कर दिया। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। अभी तक कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। घायल इंदलराम ने कहा कि बेटी के अंतिम संस्कार के बाद शिकायत देंगे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के कारणों की पुष्टि होगी और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। परिजनों ने फैक्टरी मालिक पर लगाया लापरवाही का आरोप : इंदलराम के भाई ने आरोप लगाया कि फैक्टरी मालिक ने निर्माण में लापरवाही बरती। कॉलम मानक के अनुसार नहीं भरे गए थे। उन्होंने जीडीए से जांच की मांग की कि फैक्टरी का नक्शा पास था या नहीं। परिजनों का कहना है कि फैक्टरी मालिक की लापरवाही से बच्ची की जान गई है। उन्होंने निष्पक्ष जांच और न्याय की मांग की है।

### बस की टक्कर से ई-रिक्शा सवार व्यक्ति घायल, रिपोर्ट दर्ज

**गाजियबाद, यूटर्न/ 29 अप्रैल।** बस की टक्कर से ई-रिक्शा में सवार एक व्यक्ति घायल हो गया। दिल्ली के शाहदरा की रहने वाली एक महिला ने बस चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। एसीपी उपासना पांडेय ने बताया कि घटना 25 अप्रैल को नगर कोतवाली क्षेत्र के घंटाघर फ्लाईओवर की बताई गई है। शिकायतकर्ता दीपाली ने बताया कि उसके पिता सतीश कुमार हरिद्वार से आते हुए गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर उतरे। दोपहर करीब साढ़े 12 बजे वह ई-रिक्शा से शहीद स्थल मेट्रो स्टेशन की ओर जा रहे थे। फ्लाईओवर पर ग्रामीण बस सेवा के चालक ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। इससे सतीश कुमार गंभीर घायल हो गए।

# एमसीडी चुनाव : नगर निगम उप-महापौर पद पर मोनिका पंत ने दर्ज की जीत



**मोनिका पंत पूर्वी दिल्ली के आनंद विहार वार्ड से भाजपा पार्षद हैं और वह पेशे से डॉक्टर हैं। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में मेयर और डिप्टी मेयर पद के लिए बुधवार को मतदान हुआ। इस बार आम आदमी पार्टी (आप) ने चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया, जिसके बाद मुकाबला सीधे भाजपा और कांग्रेस के बीच था।**

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 अप्रैल।**

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के उप-महापौर पद के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उम्मीदवार मोनिका पंत ने जीत हासिल की है। इससे पहले, मेयर पद पर प्रवेश वाही ने जीत दर्ज की थी।

मोनिका पंत पूर्वी दिल्ली के आनंद विहार वार्ड से भाजपा पार्षद हैं और वह पेशे से डॉक्टर हैं। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में मेयर और डिप्टी मेयर पद के लिए बुधवार को मतदान हुआ। इस बार आम आदमी पार्टी (आप) ने चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया, जिसके बाद मुकाबला सीधे भाजपा और कांग्रेस के बीच था। मेयर पद के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने प्रवेश वाही को उम्मीदवार बनाया, जबकि कांग्रेस ने हाजी जरीफ को मैदान में उतारा।

वहीं, डिप्टी मेयर पद के लिए भाजपा की ओर से मोनिका पंत चुनाव लड़ रही थीं। कांग्रेस ने इस पद के लिए राजेश कुमार गुप्ता को उम्मीदवार बनाया था। 59 साल के प्रवेश वाही ने 2022 के नगर निगम चुनावों में भारी बहुमत से जीत हासिल की थी। वे वर्तमान में एमसीडी में सदन के नेता हैं। दिल्ली आम आदमी पार्टी के संयोजक सौरभ भारद्वाज ने इस सप्ताह की शुरूआत में घोषणा की थी कि पार्टी महापौर चुनाव नहीं लड़ेगी। दिल्ली मेयर चुनाव में कुल 165 वोट डाले गए, जिनमें से भाजपा को 156 वोट मिले, वहीं कांग्रेस उम्मीदवार को 9 वोट मिले। चुनाव में भाजपा के पास पर्याप्त बहुमत होने और आम आदमी पार्टी (आप) के चुनाव न लड़ने के कारण प्रवेश वाही बिना किसी चुनौती के दिल्ली के नए मेयर बन गए। प्रवेश वाही रोहिणी ईस्ट वार्ड से तीन बार के पार्षद हैं। भाजपा ने 23 अप्रैल को नामांकन के अंतिम दिन उन्हें महापौर पद का उम्मीदवार घोषित किया था। साथ ही मोनिका पंत को उप-महापौर और अन्य पदों के लिए भी उम्मीदवार बनाया गया था। प्रवेश वाही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की पृष्ठभूमि से जुड़े हैं।



## इंदिरापुरम में रिश्ते की दरार गहरी, पत्नी ने मांगा एक करोड़ गुजारा भत्ता


**गाजियाबाद, यूटर्न/ 29 अप्रैल।** इंदिरापुरम में उच्च शिक्षित एक दंपती के बीच चल रहा वैवाहिक विवाद अब ऐसे मोड़ पर पहुंच गया है, जहां समझौते की संभावनाएं कमजोर पड़ती नजर आ रही हैं। मध्यस्थता केंद्र में काउंसलिंग के कई दौर के बावजूद दोनों में सहमति नहीं बन सकी। हालिया काउंसलिंग में पति के साथ रखने से इन्कार करने के बान्महिला ने एक करोड़ रुपये गुजारा भत्ता की मांग रख दी है। इससे मामला और संवेदनशील हो गया है। दोनों ने आठ वर्ष पूर्व प्रेम विवाह किया था। जानकारी के अनुसार दोनों की मुलाकात एक मल्टीनेशनल कंपनी में नौकरी के दौरान हुई थी। धीरे धीरे यह मुलाकात प्रेम में बदली और वर्ष 2018 में परिवार की सहमति से दोनों ने विवाह कर लिया। शादी के कुछ दिन बाद रिश्तों में तनाव बढ़ने लगा। पति का आरोप है कि पत्नी अन्य युवकों के संपर्क में है, इससे वैवाहिक जीवन प्रभावित हुआ है। वहीं, पत्नी का कहना है कि पति उस पर बेवजह शक करता है और मानसिक रूप से प्रताड़ित करता है। इन आरोपों के चलते दोनों के बीच दूरी बढ़ती गई और एक वर्ष से दोनों अलग रह रहे हैं। महिला ने पति के खिलाफ उत्पीड़न का मामला भी दर्ज कराया है। वर्तमान में यह मामला मध्यस्थता केंद्र में विचाराधीन है, जहां दोनों पक्षों की काउंसलिंग कराई जा रही है।

# बुद्ध पूर्णिमा के पर्व पर पीपल की पूजा करने से मिलती है तनाव से मुक्ति

» **वैद्य पण्डित प्रमोद कौशिक**

वैशाख पूर्णिमा बुद्ध पूर्णिमा के पावन पर्व पर पीपल के वृक्ष के बारे में बताया जाता है कि इस दिन पीपल की पूजा करने से मानसिक तनाव से मुक्ति मिलनी सम्भव है। इस बार यह पर्व 1 मई शुक्रवार को वैशाख पूर्णिमा पर दुर्लभ योग के साथ जो कई वर्षों बाद आया है, मनाया जा रहा है और पूर्णिमा का व्रत भी 1 मई शुक्रवार को ही रखा जाएगा। इस दिन और खास तौर पर प्रतिदिन पीपल का पूजन करने वाले व्यक्ति की जन्मकुंडली के कई दोष समाप्त हो जाते हैं और वह मानसिक तनाव व रोगों से मुक्त हो जाता है और दिव्य ज्ञान चक्षु भी खुल जाते हैं। हमारे प्राचीन ग्रंथों में पीपल वृक्ष के पूजन का विशेष महत्व माना जाता है।

पीपल को जल अर्पित कर सरसों के तेल का दीपक जला कर कम से कम सात परिक्रमा करना भी विशेष फलदायी माना गया है। पीपल वृक्ष समस्त वृक्षों में सबसे पवित्र माना गया है। पीपल वृक्ष के निचले भाग में ब्रह्मा जी का वास है, मध्य में विष्णु जी और सबसे ऊपर भगवान शिव का वास है और सभी पत्तों में सभी देवताओं का वास माना जाता है।



कुरुक्षेत्र की पावन धरती पर श्रीमद्भगवद् गीता में स्वयं भगवान श्रीकृष्ण ने अपने मुख से कहा है कि वृक्षों में मैं पीपल हूं। बिहार राज्य में गया धाम स्थान पर महात्मा बुद्ध को भी पीपल के वृक्ष के नीचे बैठकर तपस्या करने पर ही ज्ञान प्राप्त हुआ था। वो अति प्राचीन पीपल का वृक्ष आज भी गया जी स्थान पर जो बिहार में मौजूद है जो विश्व में बौद्ध गया के नाम से प्रसिद्ध है। जिन व्यक्तियों का आत्मबल, मनोबल और जन्म कुण्डली में चंद्रमा कमजोर है, उनको इस दिन का लाभ उठाना चाहिए और गाय के दूध से भोलेनाथ का अभिषेक करना चाहिए तथा जिन व्यक्तियों की जन्म कुण्डली में बृहस्पति की स्थिति ठीक नहीं है या जिन व्यक्तियों के कारोबार मंदी के दौर से गुजर रहे हैं और आर्थिक संकट और कर्ज में डूबे हुए हैं, उन व्यक्तियों को शुद्ध गन्ने के रस से भोलेनाथ का अभिषेक करना चाहिए। अपने परिवार के सदस्यों के वजन के बराबर गौशालाओं में गऊओं को हरि घास खिलाने का भी महत्त्व माना जाता है। पीपल का वृक्ष लगाने व आरोपण पालन करने वाले व्यक्तियों की जन्मकुंडली के पितृ दोष भी समाप्त हो जाते हैं। व्यक्ति को अक्षय पुण्य प्राप्त होता है और जातक की सुख- सौभाग्य, संतान, पुत्र रत्न आदि की प्राप्ति होती है।

पीपल ही एकमात्र ऐसा वृक्ष है जो चौबीसों घंटे दिन - रात ऑक्सीजन प्रदान करता है। अपने पूर्वजों का ध्यान रखते हुए पीपल सहित सभी वृक्षों को जल अर्पित करना और पशु-पक्षियों को भी जल बैसाख मास में पिलाना अत्यंत पुण्यदायक माना जाता है, जिससे जातक का आत्मबल और मनोबल शीघ्र ही मजबूत हो जाता है। जातक के अधूरे कार्य अति शीघ्र पूरे होने लगते हैं और मनुष्य मानसिक तनाव से मुक्त हो जाता है और आरोग्यता प्राप्त होती है।

**वैद्य पण्डित प्रमोद कौशिक संगठन सचिव षडदर्शन साधुसमाज श्री गोविंदानंद आश्रम पिहोवा।**

# गणतंत्र दिवस 2027 पद्म पुरस्कारों के नामित करने के लिए आनलाइन आवेदन आमंत्रित

» **पानीपत, यूटर्न/ 29 अप्रैल।**



डीसी डॉ. विरेंदर कुमार दहिया ने बताया कि गणतंत्र दिवस 2027 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कारों नामतः पद्म विभूषण, पद्म भूषण व पद्मश्री के लिए ऑनलाइन नामांकन करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिसके लिए अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2026 है। नामांकन अथवा अनुशंसा केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल अवाड. जीओवी.इन पर ऑनलाइन ही स्वीकार की जाएंगी। नामांकन करने वाले व्यक्ति द्वारा एक व्याख्यात्मक प्रशस्ति-पत्र (अधिकतम 800 शब्द) भी जिसमें अनुसंशित व्यक्ति की संबंधित क्षेत्र/विषय में विशिष्ट और अन्य उपलब्धियों/सेवाओं का स्पष्ट उल्लेख हो, प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने बताया कि महिलाओं, समाज के कमजोर वर्गों, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों, दिव्यांग लोगों तथा समाज की निस्वार्थ सेवा करने वाले लोगों में से उन प्रतिभावान व्यक्तियों की पहचान हेतु मिलकर प्रयास किए जाएं, जिनकी उत्कृष्टता और वास्तव में सम्मान की हकदार है। डीसी ने बताया कि कि पद्म पुरस्कार, अर्थातपद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री, देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से हैं। वर्ष 1954 में स्थापित इन पुरस्कारों की घोषणा हर वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है। यह पुरस्कार कला, साहित्य और शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान और इंजीनियरिंग, सार्वजनिक कार्य, नागरिक सेवाओं, व्यापार और उद्योग जैसे सभी क्षेत्रों/विषयों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों/सेवाओं के लिए उत्कृष्ट-कार्य को मान्यता प्रदान करने के लिए प्रदान किए जाते हैं। जाति, व्यवसाय, पद या लैंगिक भेदभाव के बिना सभी व्यक्ति इन पुरस्कारों के लिए पात्र हैं।

# जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री सुदेश कुमार शर्मा की सेवानिवृत्ति पर भव्य सम्मान समारोह का आयोजन

» **निर्मल सिंह**

पानीपत, यूटर्न/ 29 अप्रैल। जिला प्रशासन की ओर से बुधवार को जिला सचिवालय के सभागार में जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुदेश कुमार शर्मा की सेवानिवृत्ति को लेकर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें जिला प्रशासन की ओर से प्रतिभोज का आयोजन किया गया। इस सम्मान समारोह में विभिन्न न्यायाधीशों के साथ-साथ जिला के प्रशासनिक अधिकारी भी शामिल हुए।



जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुदेश कुमार शर्मा ने कहा कि भाव और सम्मान का कोई मोल नहीं होता। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन ने सदैव ज्यूडिशरी के साथ मिलकर समन्वय स्थापित किया है और कार्यों का अंजाम दिया है। उन्होंने जिले के अधिकारियों की खुले मन से प्रशंसा की और कहा कि अधिकारी न्यायिक व्यवस्था पर विश्वास करते हैं तभी संबंध प्रगाढ़ होते हैं और यह एक दूसरे के पूरक हैं। जिला प्रशासन की ओर से डीसी डॉक्टर विरेंदर कुमार दहिया एवं पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुदेश कुमार शर्मा को विभिन्न अधिकारियों के साथ स्मृति सिंह भी प्रदान किया।

उपायुक्त डॉ. विरेंदर कुमार दहिया ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुदेश कुमार शर्मा के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में अपने संबोधन में कहा कि आज का यह अवसर एक ओर गर्व का है तो दूसरी ओर भावुकता से भी भरा हुआ है। हम सभी यहाँ एक ऐसे व्यक्तित्व को सम्मानित करने के लिए एकत्रित हुए हैं, जिन्होंने अपने पूरे कार्यकाल में न्याय, निष्पक्षता और सत्य के उच्चतम आदर्शों का पालन किया। इन्होंने अपने दीर्घ न्यायिक जीवन में न केवल कानून की व्याख्या की, बल्कि समाज को दिशा देने का कार्य भी किया। उन्होंने उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु और सुखमय जीवन की भी कामना की।

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने भी अपने संबोधन में उनके साथ बिताए गए समय का भी उल्लेख किया और विभिन्न न्यायिक कार्यों में उन द्वारा दिए गए मार्गदर्शन का उल्लेख किया। साथ ही यह भी आशा करते हैं कि वे समाज और न्याय के क्षेत्र में अपने अनुभवों से आगे भी मार्गदर्शन देते रहेंगे। इस मौके पर अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश और पीठासीन अधिकारी इंडस्ट्रियल ट्रिब्यूनल-कम- लेबर कोर्ट राजेश शर्मा, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी महेंद्र सिंह, जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट पुनीत लिंबा, निगम आयुक्त डॉ पंकज यादव एडीसी अंकित चौकसे, निगम के अतिरिक्त आयुक्त विवेक चौधरी, जिला परिषद की सीईओ डॉ किरण सिंह, एसडीएम मनदीप कुमार, डीए राजेश चौधरी सहित विभिन्न उपपुलिस अधीक्षक इत्यादि उपस्थित रहे।

# डॉ. प्रेम मेहता ने उठाई मांग, महाराज अरूट जी जयंती राज्य स्तरीय समारोह के रूप में मनाने की अपील

» **हरियाणा, यूटर्न/ 29 अप्रैल।**



वरिष्ठ समाजसेवी एवं पंचनंद स्मारक के ट्रस्टी डॉ. प्रेम मेहता ने हरियाणा सरकार से मांग की है कि आगामी 30 मई को मनाई जाने वाली महाराज अरूट जी जयंती को राज्य स्तरीय समारोह के रूप में मनाया जाए। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार प्रदेश सरकार विभिन्न महापुरुषों की जयंती को सरकारी स्तर पर मनाकर समाज में उनके आदर्शों और शिक्षाओं का प्रचार-प्रसार कर रही है, उसी प्रकार महाराज अरूट जी जयंती को भी सम्मानपूर्वक सरकारी स्तर पर मनाया जाना चाहिए।

पंचनंद स्मारक के ट्रस्टी डॉ. प्रेम मेहता ने कहा कि महाराज अरूट जी केवल धार्मिक संत ही नहीं थे, बल्कि वे सामाजिक समरसता, भाईचारे और मानवता के प्रतीक थे। उन्होंने अपने जीवन के माध्यम से सत्य, सेवा, समानता और परोपकार का संदेश दिया, जो आज के समय में भी अत्यंत प्रासंगिक है। उनके विचार समाज के सभी वर्गों और समुदायों को जोड़ने का कार्य करते हैं तथा आपसी सौहार्द और एकता की भावना को मजबूत बनाते हैं। उन्होंने कहा कि महाराज अरूट जी ने समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने और भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके उपदेश समाज को एकजुट करने और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने की प्रेरणा देते हैं। ऐसे महान संत की जयंती को राज्य स्तर पर मनाना न केवल उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी, बल्कि नई पीढ़ी को उनके आदर्शों से जोड़ने का एक प्रभावी माध्यम भी बनेगा।

डॉ. प्रेम मेहता ने हरियाणा सरकार से इस मांग पर सकारात्मक निर्णय लेने की अपील करते हुए कहा कि महाराज अरूट जी की शिक्षाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार समाज में नैतिक मूल्यों को मजबूत करेगा और भाईचारे की भावना को और अधिक प्रगाढ़ बनाएगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार समाज की भावनाओं का सम्मान करते हुए महाराज अरूट जी जयंती को राज्य स्तरीय समारोह के रूप में मनाने की घोषणा करेगी।

# राष्ट्रीय विशेष लोक अदालत अभियान से न्याय होगा तेज, सरल और सुलभः वर्षा शर्मा ,सचिव एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट

» **निर्मल सिंह**

पानीपत,यूटर्न/ 29 अप्रैल। न्याय को आम जनता तक सरल, सुलभ एवं त्वरित रूप से पहुंचाने के उद्देश्य से माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समाधान समारोह 2026 (विशेष लोक अदालत) नामक राष्ट्रव्यापी अभियान प्रारंभ किया गया है। यह अभियान विगत में 21 अप्रैल 2026 से शुरू होकर 21, 22 एवं 23 अगस्त 2026 को आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत के साथ अपने चरम पर पहुंचेगा।



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पानीपत की सचिव एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-सह-सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लंबित मामलों का आपसी सहमति एवं मध्यस्थता के माध्यम से शीघ्र और सौहार्दपूर्ण निपटारा करना है। यह पहल जनभागीदारी आधारित न्याय की अवधारणा पर आधारित है, जिसमें पारंपरिक न्यायिक प्रक्रिया के स्थान पर संवाद, समझौता और सहयोग को प्राथमिकता दी जाती है।

उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा ऐसे मामलों की पहचान की जा रही है, जिनमें समझौते की संभावना है। संबंधित पक्षकारों से संपर्क कर उन्हें प्री-लोक अदालत बैठकों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा, ताकि मामलों का आपसी सहमति से समाधान किया जा सके।

वर्षा शर्मा ने आगे बताया कि इस अभियान के अंतर्गत न्यायालयों, अधिवक्ताओं, विभागों एवं अन्य संबंधित संस्थाओं के समन्वित प्रयास से व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। पक्षकारों की सुविधा के लिए वर्चुअल माध्यम (वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग) की व्यवस्था भी उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे दूर-दराज के लोग भी आसानी से इस प्रक्रिया में भाग ले सकें।

इस अभियान के सफल संचालन हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जागरूकता कार्यक्रम, कानूनी जागरूकता शिविर, सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया, एफएम रेडियो तथा सार्वजनिक स्थलों जैसे रेलवे स्टेशन, बस अड्डे आदि पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। साथ ही, ग्राम पंचायतों एवं पैरा लीगल वालंटियर्स (पीएलवीएस) की सक्रिय भागीदारी से इस अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाया जा रहा है।

उन्होंने सभी अधिवक्ताओं, वादकारियों एवं आम नागरिकों से अपील की कि वे इस विशेष लोक अदालत अभियान में बढ़-चढकर भाग लें और आपसी सहमति से अपने मामलों का समाधान कर न्यायिक प्रक्रिया को सरल, मानवीय एवं प्रभावी बनाने में सहयोग करें। यह पहल न केवल मामलों के त्वरित निपटान में सहायक होगी, बल्कि न्याय प्रणाली में आमजन के विश्वास को भी सुदृढ़ करेगी.



# खाद्य आपूर्ति विभाग ने घरेलू सिलेंडर की कालाबाजारी को रोकने के लिए 177 जगहों पर की रेड

## कुरुक्षेत्र में गैस की नहीं है कोई दिक्कत, जमाखोरी व कालाबाजारी को रोकने के लिए गठित की 4 टीमें

**कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 29 अप्रैल।** अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य ने कहा कि खाद्य आपूर्ति विभाग की तरफ से सब डिविजन के अनुसार सिलेंडरों की कालाबाजारी को रोकने और निरंतर सप्लाई को सुचारू बनाए रखने के लिए 4 टीमों का गठन किया गया है। इन टीमों ने अब तक 177 जगहों पर रेड की है और 102 सिलेंडर भी जब्त किए है। इस विभाग की टीमें लगातार फील्ड में सक्रिय रहकर गैस एजेंसियों पर निगरानी रख रही हैं। प्रतिदिन एजेंसियों से रिपोर्ट ली जा रही है, जिससे आपूर्ति की स्थिति पर सतत नजर बनी हुई है और उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध करवाई जा रही है।

उन्होंने कहा कि गैस की कालाबाजारी, जमाखोरी और अनधिकृत उपयोग को रोकने के लिए विशेष निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही अस्पतालों, शिक्षण संस्थानों और विवाह जैसे आयोजनों के लिए व्यवसायिक गैस सिलेंडरों की विशेष व्यवस्था की गई है, जिसके लिए संबंधित कार्यालय में आवेदन किया जा सकता है। जमाखोरी करने वालो पर प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगा। उन्होंने कहा कि जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक कार्यालय द्वारा एलपीजी से संबंधित शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए विभिन्न अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा, जिला स्तर पर हेल्पलाइन नंबर 01744-294418 जारी किया गया है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जिले में गैस सिलेंडरों सहित पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है। उपभोक्ताओं की मांग के अनुरूप पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि ईंधन की आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखा जाए और किसी भी स्तर पर बाधा नहीं आने दी जाए। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे केवल आवश्यकता अनुसार ही गैस की बुकिंग करें और अनावश्यक भंडारण से बचें।

# उकलाना नगरपालिका में भाजपा की जीत तय, कांग्रेस मैदान छोड़ चुकी है : कृष्णा बेदी

» **राजेश सलूजा**

हरियाणा, यूटर्न/ 29 अप्रैल। उकलाना नगरपालिका चुनाव प्रभारी एवं हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने दावा किया है कि उकलाना नगरपालिका चुनाव में भाजपा की जीत निश्चित है और कांग्रेस मुकाबले से पहले ही मैदान छोड़ चुकी है। उन्होंने कहा कि भाजपा आज जनता की पहली पसंद बन चुकी है और हर चुनाव में जनता के सहयोग से पार्टी जीत दर्ज कर रही है। कृष्ण बेदी बुधवार को उकलाना में आयोजित चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने की। इस दौरान उन्होंने चुनाव में जुटे पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता पूरी मजबूती के साथ चुनाव मैदान में जुटें ताकि जीत का अंतर ऐतिहासिक हो। कृष्ण बेदी ने कहा कि कांग्रेस का काम अब केवल चुनावों से भागना रह गया है। विधानसभा में भी कांग्रेस जनता के सवालों से भागती रही और अब नगरपालिका चुनाव में भी उसने हार स्वीकार कर ली है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों और विकास कार्यों के कारण जनता का भरोसा लगातार भाजपा पर बढ़ रहा है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने कहा कि वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में उकलाना पालिका चुनाव की तैयारियां सुचारू रूप से चल रही हैं।



यूटर्न टाइम THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## गौर ग्रीन एवेन्यू सोसाइटी के फ्लैट में लगी भीषण आग, मचा हड़कंप; दमकल विभाग की टीम मौके पर

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 29 अप्रैल।**

गाजियाबाद के इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के गौर ग्रीन एवेन्यू सोसाइटी में बुधवार सुबह एक फ्लैट में भीषण आग लग गई। आग की लपटों ने देखते ही देखते पूरी सोसाइटी में हड़कंप मचा दिया। आग की लपटें इतनी ऊंची है कि आसमान में काले धुएं का गहरा गुबार छा गया। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने के लिए बचाव कार्य शुरू कर दिया।



जानकारी के अनुसार, सुबह के समय जब लोग अपने रोज के कार्यों में व्यस्त थे, तभी सोसाइटी के एक फ्लैट से धुआं और आग की लपटें निकलने लगीं। आग इतनी तेजी से फैली कि आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। आग 9वीं से 13वीं मंजिल तक फैली है। तत्काल पुलिस और दमकल विभाग को सूचित किया गया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग की भयावहता को देखते हुए तुरंत मोर्चा संभाला। अग्निशमन विभाग के कर्मचारी आग को फैलने से रोकने और उसे बुझाने के लिए प्रयास कर रहे हैं। आग को दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे से देखा जा सकता है।

फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। प्रारंभिक जांच में आग लगने की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। राहत की बात ये है कि अभी तक इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। पुलिस और फायर विभाग की टीम पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

**संक्षिप्त खबरें**

## गाली देने के विरोध पर घर में घुसकर युवक की पिटाई

**खोड़ा, यूटर्न/ 29 अप्रैल।** गाली देने का विरोध करने पर खोड़ा थाना क्षेत्र की संगम पार्क कॉलोनी में एक युवक के साथ उसके घर में घुसकर मारपीट की गई। शोर मचने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़ित वीरू ने पुलिस को बताया कि 25 अप्रैल को पड़ोसी बुल्ला शराब के नशे में उन्हें गाली दे रहा था। विरोध करने पर बुल्ला ने उनके साथ हाथापाई की। इसके बाद वीरू अपने घर लौट आया। आरोप है कि कुछ देर बाद बुल्ला अपने दोस्त सौरभ और एक अन्य साथी के साथ वीरू के घर में जबरन घुस आया। तीनों ने मिलकर वीरू को बुरी तरह पीटा। इससे वह घायल हो गया। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। भीड़ बढ़ती देख आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। दोनों पक्षों को थाने बुलाकर पूछताछ की जाएगी और नियमानुसार कार्रवाई होगी।

## छेड़छाड़ के आरोपी मैनेजर के खिलाफ युवती ने बयान दर्ज कराए

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 29 अप्रैल।** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में शराब पार्टी के दौरान हुई छेड़छाड़ के मामले में युवती ने अपने बयान दर्ज कराए। बयानों के बाद पुलिस ने जल्द मामले में सबूत एकत्रित कर अंतिम रिपोर्ट पेश करने की बात कही है। घटना 14 मार्च की सुबह करीब साढ़े आठ बजे की है। पुलिस ने केस 20 दिन बाद पांच अप्रैल को दर्ज किया था। दर्ज रिपोर्ट में युवती ने पुलिस को बताया था कि वह सेक्टर-63 की एक कंपनी में जॉब करती हैं। कंपनी में यूएस बेस्ड कॉलिंग की जाती हैं।

## ज्यादातर हादसे के पीछे यही कहानी, काश हेलमेट पहने होते तो बच जाते, डराने वाले हैं आंकड़े

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 अप्रैल।**

मुकुंदपुर फ्लाईओवर पर रविवार को हुई सड़क दुर्घटना में युवकों की मौत हो गई। वहीं सोमवार को लुटियंस की दिल्ली में हुई सड़क हादसे में दो चचेरे भाईयों की की मौत हो गई। बड़ा भाई 20 वर्ष का, वहीं 14 वर्ष का था।

हालांकि राष्ट्रीय राजधानी में दोपहिया वाहन चालक आरोपी से ज्यादा पीड़ित हैं। सड़क दुर्घटनाओं में मरने वाले दोपहिया वाहन चालकों की संख्या ज्यादा है, जबकि लोगों की जान लेने वाले दोपहिया चालकों की संख्या बहुत कम हैं। खात बात ये है कि बिना हेलमेट चलने वाले दोपहिया वाहनों की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है। दिल्ली पुलिस के विशेष पुलिस आयुक्त (ट्रैफिक) नीरज ठाकुर की ने अनुसार आंकड़ों से पता चला कि 2026 में एक जनवरी से लेकर 15 अप्रैल तक सड़क दुर्घटनाओं में 188 दोपहिया वाहन चालकों की मौत हुई है। 2024 में 588 और वर्ष 2025 में 624 दोपहिया वाहन चालकों की मौत हुई थी। हालांकि आरोपी दोपहिया वाहनों में यानी एक जनवरी से 15 अप्रैल तक दोपहिया वाहन से हुए सड़क हादसों में 62 लोगों की मौत हुई है। इस तरह वर्ष 2024 में आरोपी दोपहिया वाहन 187 और वर्ष 2025 में 200 थे।

आंकड़ों के अनसुार बिना हेलमेट चलने वाले दोपहिया वाहन चालकों की संख्या काफी बढ़ी है। वर्ष 2026 में एक जनवरी से



15 अप्रैल तक बिना हेलमेट 424404 दोपहिया वाहन चालक पकड़े गए। इस वर्ष के शुरूआती साढ़े तीन महीनों में ये आंकड़ा सवा चार लाख तक पहुंच गया। वर्ष 2024 में बिना हेलमेट 774145 और वर्ष 2025 में 1173797 दोपहिया वाहन चालकों को चालान किया गया।

### इतने दोपहिया वाहन रजिस्टर्ड हैं

मार्च 2026 तक के आर्थिक समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली में लगभग 59.27 लाख (5927775) दोपहिया वाहन पंजीकृत हैं, जो कुल वाहनों का लगभग 67.65% हिस्सा हैं। दिल्ली में कुल पंजीकृत वाहनों की संख्या लगभग 87.61 लाख है। दिल्ली की सड़कों पर सबसे ज्यादा हिस्सेदारी दोपहिया वाहनों की है।

### दोपहिया वाहन चालक इसलिए पीड़ित हैं

दिल्ली ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों के अनुसार, दिल्ली में दोपहिया वाहन चालकों की स्थिति वास्तव में चुनौतीपूर्ण है। वर्ष 2026 के आंकड़ों और हादसों के विश्लेषण से यह बात सामने आई है कि वह अक्सर लापरवाह ड्राइविंग और अव्यवस्थित ट्रैफिक के कारण पीड़ित की भूमिका में ज्यादा नजर आते हैं। दिल्ली में दोपहिया वाहन चालक हिट-एंड-रन और अन्य गाड़ियों (विशेषकर तेज रफ्तार एसयूवी और ट्रकों) की लापरवाही का सबसे ज्यादा शिकार हो रहे हैं। सड़कों पर खुले गड्ढे (ओपन पिट), खराब सड़क इंजीनियरिंग और गलत साइड से आ रहे वाहन चालकों की वजह से कई बार दोपहिया चालकों को अपनी जान गंवानी पड़ती है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस द्वारा गलत दिशा में गाड़ी चलाने के लिए की गई विशेष ड्राइव में 2025 के अंत में दोपहिया वाहन चालक सबसे बड़े उल्लंघनकर्ता पाए गए, लेकिन यह तथ्य भी मौजूद है कि वे अक्सर बड़ी गाड़ियों की तेज रफ्तार का शिकार बनते हैं।

## 500 की उधारी मांगने पर चचेरे भाई ने की थी गैंगस्टर की हत्या

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 29 अप्रैल।** मसूरी में मेरठ के गैंगस्टर गुलफाम की हत्या उधार दिए गए 500 रुपये वापस मांगने को लेकर हुए विवाद में हुई। शराब के नशे में चचेरे भाई ने चाकू से वार कर उसे मार डाला। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, मूल रूप से मेरठ के किठौर क्षेत्र में शाहजहांपुर में कुरेशियान मोहल्ला निवासी गुलफाम यहां मसूरी क्षेत्र में रेलवे स्टेशन रोड पर किराये के मकान में रहता था। सोमवार को वह भूड़गढ़ी इलाके में बंबे के पास सब्जी बेच रहा था। इसी दौरान उसका चचेरा भाई आरिफ वहां पहुंचा और खीरा मांगने लगा। गुलफाम ने खीरा देने से मना कर दिया और पहले 500 रुपये की उधारी चुकाने के लिए कहा। इससे गुस्साए आरिफ ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल गुलफाम खून बहने के कारण मौके पर ही बेसुध हो गया। बाद में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया, लेकिन पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर भूड़गढ़ी बंबे के पास से उसे दबोच लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी और मृतक के बीच रिश्तेदारी भी थी। दोनों चचेरे भाई होने के साथ-साथ साढ़ू भी थे।

## स्वास्थ्य शिविरों में बिना लक्षण वाले 821 टीबी मरीज मिले

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 29 अप्रैल।** जिले में क्षय रोग विभाग के 24 मार्च से 24 अप्रैल के बीच चलाए गए विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर में टीबी के 821 ऐसे मरीज सामने आए हैं, जिनमें बीमारी के कोई स्पष्ट लक्षण नहीं थे। यह मरीज लोनी, मुरादनगर और भोजपुर के सघन आबादी वाले क्षेत्रों में ज्यादा मिले हैं। विभाग ने सभी मरीजों की पहचान कर उनका इलाज शुरू करा दिया है और उनके संपर्क में आने वाले लोगों की जांच भी की जा रही है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अनिल यादव के अनुसार एक माह के अभियान में 43 शिविर लगाए गए। इनमें कुछ शिविर गैर सरकारी संगठनों के सहयोग से तो कुछ सामान्य अभियान के तहत आयोजित हुए। इनमें 7,320 लोगों की जांच की गई। इस दौरान 984 संदिग्ध मरीजों के सीने का एक्स-रे कराया गया तो उसी में टीबी के मरीजों की पुष्टि हुई। सबसे अधिक 350 मरीज लोनी क्षेत्र में मिले हैं, जबकि मुरादनगर और भोजपुर क्षेत्रों में 195 मरीज पाए गए हैं। बिना लक्षण वाले मरीजों की पहचान विभाग के लिए चुनौती भी है और राहत भी, क्योंकि समय रहते इलाज शुरू करने से संक्रमण को फैलने से रोका जा सकता है। डॉ.यादव ने बताया कि सभी मरीजों को दवा उपलब्ध कराकर उपचार शुरू कर दिया गया है। साथ ही मरीजों के परिवार के सदस्यों की भी जांच कराई जाएगी। विशेष रूप से उन लोगों की जिन्हें किसी प्रकार के लक्षण दिखाई दे रहे हैं। जिले में इस समय करीब 24 हजार टीबी मरीजों का इलाज चल रहा है।

## तीसरी मंजिल से गिरकर मासूम की मौत

» **लोनी, यूटर्न/ 29 अप्रैल।**

कोतवाली क्षेत्र की प्रेम नगर कॉलोनी में मंगलवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया। मकान की तीसरी मंजिल के छज्जे से गिरकर दो साल के मासूम अबूजा की मौत हो गई। घटना के समय बच्चे की मां छत पर कपड़े धो रही थी। परिजनों ने इसे हादसा मानते हुए पुलिस कार्रवाई और पोस्टमार्टम से इन्कार कर दिया।

मूलरूप से हरदोई जिले के पिहानी गांव निवासी रिजवान परिवार के साथ लोनी की प्रेम नगर कॉलोनी में किन्ये के मकान में रहते हैं। वह दैनिक मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। मंगलवार को वह रोज की तरह काम पर गए थे। घर पर पत्नी आसमां और बच्चे मौजूद थे।

दोपहर करीब डेढ़ बजे आसमां मकान की छत पर कपड़े धो रही थीं। इसी दौरान सबसे छोटा बेटा अबूजा खेलते-खेलते सीढ़ियों के रास्ते तीसरी मंजिल पर पहुंच गया। खेलने के दौरान अचानक उसका संतुलन बिगड़ा और वह छज्जे से सीधे नीचे सड़क पर जा गिरा। गिरने से अबूजा गंभीर रूप से घायल हो गया। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग इकठ्ठा हो गए और



रिजवान को फोन पर घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही रिजवान काम छोड़कर घर पहुंचे और तुरंत बेटे को लेकर जीटीबी अस्पताल भागे। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद अबूजा को मृत घोषित कर दिया। बेटे की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए ही आसपास के लोगों की मदद से शव को दफना दिया। बाद में जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची।

एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि परिजनों की ओर से मामले की कोई सूचना नहीं दी गई थी। पुलिस के पहुंचने पर परिजनों ने लिखित में दिया कि यह हादसा है और वह कोई कानूनी कार्रवाई नहीं चाहते। उन्होंने शव का पोस्टमार्टम कराने से भी इन्कार कर दिया।

## टीएचए में नहीं थम रहा कटौती का सिलसिला, रोजाना पांच से छह घंटे बिजली गुल

» **साहिबाबाद, यूटर्न/ 29 अप्रैल।**

टीएचए में बिजली कटौती का संकट थमने का नाम नहीं ले रहा है। भीषण गर्मी के बीच लगातार हो रही बिजली कटौती ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। हालात ऐसे हैं कि कई इलाकों में रोजाना पांच से छह घंटे तक बिजली गुल रह रही है। इससे लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। इंद्रप्रस्थ कॉलोनी में मंगलवार सुबह से बिजली कटौती शुरू हो गई। वहीं वातालोक सोसायटी में सोमवार रात से बिजली कटौती ने परेशान कर दिया।

इंद्रप्रस्थ कॉलोनी के आरडब्ल्यूए अध्यक्ष सतीश भारद्वाज ने बताया कि मंगलवार सुबह सात बजे से ही बिजली आपूर्ति ठप रही। बिजली न होने के कारण लोगों को पेयजल की समस्या का भी सामना करना पड़ा। मोटर न चल पाने से पानी की आपूर्ति बाधित हो गई। इससे घरों में दैनिक कामकाज प्रभावित हुआ। उन्होंने बताया कि यह समस्या अब रोजमर्रा की परेशानी बन गई है। वहीं कॉलोनी के लोगों ने बिजली विभाग से फीडर अलग करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि फीडर अलग किया जाए तो ओवरलोडिंग की समस्या कम होगी और भविष्य में इस तरह की परेशानी से राहत मिल सकेगी। वहीं, वसुंधरा स्थित वातालोक सोसायटी में भी हालात कुछ अलग नहीं हैं। सोसायटी के आरडब्ल्यूए सचिव प्रेमनाथ पांडे ने बताया कि सोमवार रात करीब आठ बजे बिजली चली गई



थी। इसके लोगों ने ऊर्जा निगम में शिकायत की तो अधिकारी जल्द आपूर्ति सामान्य करने का आश्वासन देते रहे। सोसायटी में करीब 336 फ्लैट हैं। उमस भरी गर्मी में रात में बिजली न होने के कारण निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। लोग अपने फ्लैट की बालकनी व बहार घूम कर रात बिताने को मजबूर हुए। करीब 12 बजे बिजली आपूर्ति सामान्य हुई।

### इन इलाकों में बिजली ट्रिपिंग से लोग परेशान रहे

इंदिरापुरम, वसुंधरा, शालीमार गार्डन और तुलसी निकेतन, वैशाली समेत कई इलाकों में सुबह से ही ट्रिपिंग का सिलसिला शुरू हो गया। बार-बार बिजली जाने और आने से बिजली उपकरणों के खराब होने का खतरा भी बढ़ गया है। लोगों ने डर की वजह से उपकरण बंद करके रखे।

## एंबुलेंस में सुरक्षित प्रसव, जच्चा-बच्चा स्वस्थ

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 29 अप्रैल।** एंबुलेंस चालकों की सूझबूझ से महिला का सुरक्षित प्रसव एबुलेंस में कराया गया। इसके बाद दोनों को संजय नगर स्थित संयुक्त अस्पताल में भर्ती कराया गया। जच्चा-बच्चा को स्वस्थ्य बताया गया है। मिशलगढ़ी गांव निवासी ज्ञानप्रकाश की पत्नी मीनू देवी को मंगलवार शाम करीब पांच बजे प्रसव पीड़ा शुरू हुई। परिजन ने तुरंत 102 एंबुलेंस सेवा पर कॉल किया। सूचना पर एंबुलेंस पहुंची और ईएमटी इंद्रेश कुमार व चालक कैलाश यादव महिला को लेकर जिला अस्पताल संजय नगर के लिए रवाना हुए। रास्ते में मीनू देवी की प्रसव पीड़ा बढ़ने पर हालत बिगड़ने लगी। एंबुलेंस कर्मियों ने महिला की स्थिति को देखते हुए वाहन को सुरक्षित स्थान पर रोककर सूझबूझ से प्रसव कराने का निर्णय लिया। ईआरसीपी डॉक्टर सुरेंद्र की सलाह लेते हुए टीम ने एंबुलेंस में ही सुरक्षित डिलीवरी कराई। इसके बाद धड़कन की जांच और नवजात शिशु की सफाई भी की गई। प्रसव के बाद मां और बच्चे को जिला अस्पताल संजय नगर में भर्ती कराया गया, जहां दोनों स्वस्थ बताए जा रहे हैं।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# अनिश्चितता के दौर में मौद्रिक नीति के लिए मुद्रास्फीति संबंधी अपेक्षाओं को मजबूती से नियंत्रित करना आवश्यक: एसबीआई रिसर्च

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 अप्रैल।**

एसबीआई रिसर्च की एक नई रिपोर्ट में बुधवार को कहा गया है कि अगर अमेरिका-ईरान संघर्ष लंबे समय तक अनसुलझा रहता है, तो महंगाई को नियंत्रित करने और विकास में होने वाले नुकसान को कम करने में केंद्रीय बैंक को मुश्किलों का सामना करना पड़ा सकता है।

रिपोर्ट में कहा गया कि अनिश्चितता के समय में, एक अच्छे केंद्रीय बैंक को गलत अनुमानों के प्रति सतर्क, उच्च लागत वाले जोखिमों के खिलाफ मजबूत, विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए पर्याप्त रूप से व्यवस्थित, अनुकूलन के लिए पर्याप्त रूप




से लचीला और इतना पारदर्शी होना चाहिए कि अर्थव्यवस्था के बारे में अनिश्चितता स्वयं केंद्रीय बैंक के बारे में अनिश्चितता न बन जाए। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के समूह मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ. सौम्या कांति घोष ने कहा, 'यही बात आरबीआई गवर्नर (संजय मल्होत्रा) ने प्रिंसटन विश्वविद्यालय में अपने हालिया भाषण में कही होगी और इसलिए इस संदेश को एक अग्रिम मार्गदर्शन के रूप में भी समझा जा सकता है।' अनिश्चितता के दौर में मौद्रिक नीति के लिए मुद्रास्फीति संबंधी अपेक्षाओं को मजबूती से नियंत्रित करना आवश्यक है। घोष ने कहा कि वर्तमान समय में सुव्यवस्थित विनिमय दर प्रवाह सुनिश्चित करना अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिसके लिए पर्याप्त लचीलेपन के साथ एक सुनियोजित पैकेज की आवश्यकता है। वित्त वर्ष 2027 में कुल भुगतान संतुलन (बीओपी) के नकारात्मक (-28 अरब डॉलर) रहने का अनुमान है, साथ ही व्यापार संतुलन के भी नकारात्मक रहने का अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगले वर्ष सकारात्मक प्रवाह की धारणा के आधार पर पूंजी खाते में 26.5 अरब डॉलर का अधिशेष रहने का अनुमान है। विनिमय दर को हमेशा के लिए झटके को अवशोषित करने वाला तंत्र नहीं माना जा सकता, क्योंकि अनिश्चितताओं और अस्थिरताओं के बढ़ते स्तर के कारण यह आयातित मुद्रास्फीति के एक ऐसे तंत्र में बदल जाती है जो कई चैनलों के माध्यम से रिसकर मुद्रास्फीति की उम्मीदों को स्थिर करती है और कई बार विवेकपूर्ण और लचीली मौद्रिक नीति निर्माण के मूल उद्देश्य को ही विफल कर देती है।



# नई रेंज रोवर स्पोर्ट ऑटोबायोग्राफी लॉन्च

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 अप्रैल।** भारतीय ग्राहकों के लिए जैगुआर लैंड रोवर ने अपनी वर्ष की नई रेंज रोवर स्पोर्ट ऑटोबायोग्राफी लॉन्च कर दी है। इस लग्जरी कार की शुरूआती कीमत 1.60 करोड़ रुपये है। कंपनी ने पहली बार इस टॉप मॉडल को भारत में ही असेंबल करने का फैसला लिया है, जिससे इसकी उपलब्धता और पहुंच पहले से बेहतर होगी। अब तक यह मॉडल पूरी तरह आयातित होता था, जिससे इसकी कीमत काफी अधिक रहती थी। इस कदम से ग्राहकों को बेहतर मूल्य और आसान उपलब्धता का लाभ मिलेगा, जो कंपनी की भारत में अपनी पकड़ को और मजबूत करने की रणनीति का हिस्सा है। यह शानदार एसयूवी दो इंजन विकल्पों के साथ पेश की गई है, जिसमें 3.0 लीटर पेट्रोल और डीजल इंजन शामिल हैं, जिन्हें देश में ही असेंबल किया जाएगा। हालांकि, अधिक ताकतवर 4.4 लीटर वी8 इंजन वाला संस्करण अभी भी पूरी तरह आयातित रूप में उपलब्ध रहेगा। वाहन में इलेक्ट्रॉनिक एक्टिव डिफरेंशियल, ब्रेकिंग के साथ टॉर्क वितरण प्रणाली, सभी पहियों की स्टीयरिंग, विभिन्न परिस्थितियों के अनुसार अनुकूलित ड्राइविंग प्रोग्राम और उन्नत एयर सस्पेंशन जैसी अत्याधुनिक तकनीकें शामिल हैं, जो बेहतर संतुलन, नियंत्रण और आराम प्रदान करती हैं। केबिन में प्रीमियम गुणवत्ता वाली चमड़े की सीटें, पूरी तरह विस्तारित चमड़े की सजावट, मालिश सुविधा और उच्च गुणवत्ता वाली ध्वनि प्रणाली एक शाही अनुभव देती हैं। कंपनी का मानना है कि स्थानीय असेंबली और विभिन्न इंजन विकल्प इसे अधिक ग्राहकों तक पहुंचाएंगे, जिससे भारत में लग्जरी वाहन बाजार में कंपनी की पकड़ मजबूत होगी। बुकिंग शुरू हो गई है। बाहरी डिजाइन में खास पहचान देने वाले बैज, लाल रंग के ब्रेक कैलिपर्स और 22 इंच के आकर्षक मिश्रधातु पहिए इसे भीड़ से अलग बनाते हैं।

# मार्च में पच्चीस प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की टीवीएस ने

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 अप्रैल।** टीवीएस मोटर कंपनी ने मार्च 2026 में कुल बिक्री में पच्चीस प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की। इस महीने टीवीएस जुपिटर भारत का सबसे अधिक बिकने वाला स्कूटर बनकर उभरा, जिसने 1,24,771 इकाइयां बेचीं और वार्षिक आधार पर लगभग अठारह प्रतिशत की शानदार वृद्धि दर्ज की। जुपिटर की सफलता उसके संतुलित प्रदर्शन, बेहतर ईंधन दक्षता और भरोसेमंद प्रकृति के कारण है, जो इसे पारिवारिक उपयोग के लिए पसंदीदा बनाता है। बिक्री सूची में दूसरे स्थान पर टीवीएस अपाचे श्रृंखला रही, जिसने छह प्रतिशत की वृद्धि के साथ 47,081 इकाइयां बेचीं, जो युवाओं के बीच स्पोर्टी मोटरसाइकिलों की मांग को दर्शाती है। टी.वी.एस. एक्स.एल. सुपर ने भी इकतीस प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि के साथ 46,192 इकाइयों की बिक्री दर्ज की और ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी उपयोगिता के कारण लोकप्रिय बना रहा। विद्युत वाहन बाजार में टीवीएस आईक्यूब ने भी अपनी धाक जमाई, छियालीस प्रतिशत की वार्षिक बढ़ोतरी के साथ 38,757 इकाइयां बेचकर इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती स्वीकार्यता का संकेत दिया। युवाओं के बीच लोकप्रिय टी.वी.एस. राइडर ने इक्कीस प्रतिशत की वृद्धि के साथ 37,345 इकाइयों की बिक्री की, जबकि टी.वी.एस. एनटॉर्क ने उनचास प्रतिशत की जबरदस्त वृद्धि के साथ 32,598 इकाइयां बेचीं।

# वित्त वर्ष 2026 में ईपीएफओ ने क्लेम सेटलमेंट में बनाया रिकॉर्ड, निपटाए 8.31 करोड़ दावे

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 अप्रैल।**

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने वित्त वर्ष 2025-26 में अब तक का सबसे ज्यादा क्लेम सेटलमेंट किया है, जिससे डिजिटल सुविधा और आसान पहुंच में बड़ा सुधार हुआ है।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, ईपीएफओ ने वित्त वर्ष 2025-26 में 8.31 करोड़ दावे निपटाए, जो 2024-25 के 6.01 करोड़ से काफी ज्यादा हैं।

इनमें से 5.51 करोड़ दावे एडवांस या आंशिक निकासी के थे, जिससे यह पता चलता है कि लोग अब जरूरत पड़ने पर आसानी से अपने पीएफ का पैसा निकाल पा रहे हैं। संगठन ने अपने ऑटोमेशन सिस्टम को भी मजबूत किया है। लगभग 71.11 प्रतिशत एडवांस क्लेम ऑटो मोड से प्रोसेस हुए, जिसमें 3 दिन के अंदर पैसा मिल जाता है। यह पिछले साल 59.19 प्रतिशत था।

इससे मैन्युअल काम कम हुआ है और काम करने की गति बढ़ी है। डिजिटल सुविधाओं में भी बड़ा सुधार हुआ है। 6.68 करोड़ लोगों ने बिना चेक अपलोड किए क्लेम किया, 1.59 करोड़ लोगों ने बिना नियोक्ता की मंजूरी के बैंक खाते लिंक किए, 70.55 लाख ट्रांसफर क्लेम ऑटोमेटिक हुए, 24.84 लाख लोगों ने खुद ट्रांसफर शुरू किया और 29.34 लाख लोगों ने अपनी प्रोफाइल खुद ठीक की




**ईपीएफ जमा पर ब्याज की गणना हर महीने की जाती है, लेकिन इसे वित्त वर्ष के अंत में खातों में जोड़ा जाता है।**

और बिना ऑफिस जाए पीएफ सेवाओं का उपयोग किया। सिर्फ अप्रैल 2026 में ही ईपीएफओ ने 61.03 लाख क्लेम निपटाए, जिनमें करीब 74 प्रतिशत एडवांस क्लेम ऑटो मोड से हुए और 98.70 प्रतिशत क्लेम 20 दिनों के अंदर निपट गए। इस बीच, एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि ईपीएफओ ने मार्च में 2025-26 के लिए पीएफ जमा पर 8.25 प्रतिशत ब्याज दर तय की, जो लगातार दूसरे साल समान रखी गई है।

यह फैसला केंद्रीय न्यासी बोर्ड (सीबीटी) की 239वीं बैठक में लिया गया, जिसकी अध्यक्षता केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने की। बैठक में राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे, श्रम एवं रोजगार सचिव वंदना गुरनानी और ईपीएफओ प्रमुख रमेश कृष्णमूर्ति भी मौजूद थे। सीबीटी के फैसले के बाद इस ब्याज दर को मंजूरी के लिए वित्त मंत्रालय को भेजा जाएगा। मंजूरी मिलने के बाद यह दर 7 करोड़ से ज्यादा खाताधारकों के खातों में लागू होगी।

ईपीएफ जमा पर ब्याज की गणना हर महीने की जाती है, लेकिन इसे वित्त वर्ष के अंत में खातों में जोड़ा जाता है। हालांकि, 36 महीने तक निष्क्रिय रहने वाले खातों पर ब्याज नहीं मिलता, क्योंकि उन्हें निष्क्रिय माना जाता है।

## संक्षिप्त खबरें

### 50 से ज्यादा कंपनियां मार्च तिमाही के नतीजों का करेंगी ऐलान

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 अप्रैल।** बजाज फाइनेंस, अडाणी पावर, इंडियन बैंक, फेडरल बैंक, वारी एनर्जीज और वेदांता जैसी प्रमुख कंपनियां आज अपने मार्च तिमाही के नतीजों का एलान करेंगी। अन्य कंपनियों में एमफैसिस, फिनो पेमेंट्स बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक, मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज, जना स्मॉल फाइनेंस बैंक और फोर्स मोटर्स शामिल हैं। दलाल स्ट्रीट के विश्लेषकों का मानना है कि वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में वेदांता लिमिटेड का प्रदर्शन मजबूत रह सकता है। इसका मुख्य कारण लंदन मेटल एक्सचेंज पर एल्युमिनियम, जिंक और चांदी की अनुकूल कीमतें हैं। इन रुझानों से कारोबार क्षेत्रों में आय बढ़ने की संभावना है। विश्लेषकों ने उत्पादन लागत बढ़ने के दबाव की ओर भी संकेत दिया है, जो आपूर्ति बाधाओं के कारण बढ़ रहा है। ऐसे में प्रबंधन की मार्जिन और परिचालन दक्षता पर टिप्पणियां खास नजर में रहेंगी।

### यूएई का ऐलान, एक मई से ओपेक और 'ओपेक प्लस' को छोड़ देगा

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 अप्रैल।** संयुक्त अरब अमीरात ने मंगलवार को घोषणा की कि वह एक मई से तेल निर्यातक देशों के संगठन ओपेक और इसके व्यापक समूह 'ओपेक प्लस' को छोड़ देगा। यह कदम पिछले काफी समय से चर्चा में था, क्योंकि यूएई उत्पादन प्रतिबंधों के कारण असहज महसूस कर रहा था और पड़ोसी देश सऊदी अरब के साथ उसके संबंधों में भी खटास आ रही थी। यूएई लंबे समय से ओपेक का सदस्य रहा है। पहले 1967 में अबू धाबी अमीरात के रूप में और बाद में 1971 में यूएई के एक स्वतंत्र देश बनने के बाद वह इसका हिस्सा बना था।

# भारत में नीतियां स्पष्ट, तेजी से बढ़ रहा क्रियान्वयन : सागर अदाणी

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 अप्रैल।**

अदाणी ग्रीन एनर्जी के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर सागर अदाणी ने बुधवार को कहा कि भारत में नीतियां स्पष्ट और निरंतर हैं और इससे तेजी से क्रियान्वयन बढ़ा रहा है।

इकोनॉमिस्ट एंटरप्राइज के 'रेजिलिएंट फ्यूचर्स समिट' में बोलते हुए सागर अदाणी ने कहा कि हम स्वयं को केवल एक इन्फ्रास्ट्रक्चर ऑपरेटर के तौर पर नहीं, बल्कि कई दशकों के लिए भारत की ऊर्जा की रीढ़ के रूप में देखते हैं।

उन्होंने संबोधन में कहा,'हमारे चेयरमैन गौतम अदाणी ने देश के एनर्जी ट्रांजिशन में 100 अरब डॉलर निवेश करने का ऐलान किया है, जो कि वैश्विक स्तर पर किसी निजी क्षेत्र की कंपनी द्वारा घोषित की गई अब तक की सबसे बड़ी प्रतिबद्धताओं में से एक है।'

उन्होंने कहा,'लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि यह अलग-थलग निवेशों का एक समूह नहीं है। यह एक एकीकृत रणनीति है। हम दुनिया के सबसे बड़े रिन्यूएबल एनर्जी पोर्टफोलियो में से एक का निर्माण कर रहे हैं। बड़े पैमाने पर ऊर्जा भंडारण में निवेश कर रहे हैं, देश भर में कुशलतापूर्वक बिजली पहुंचाने के लिए ट्रांसमिशन नेटवर्क का विस्तार कर रहे हैं



और ग्रीन हाइड्रोजन इकोसिस्टम विकसित कर रहे हैं। ऊर्जा के अलावा, बंदरगाहों, लॉजिस्टिक्स, हवाई अड्डों और डेटा केंद्रों में हमारी उपस्थिति भी इसी दृष्टिकोण का हिस्सा है।' सागर अदाणी ने आयातित ऊर्जा पर संरचनात्मक निर्भरता कम करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा, 'हमें देश के भीतर उपलब्ध संसाधनों पर आधारित एक मजबूत ऊर्जा प्रणाली बनानी होगी, क्योंकि विद्युतीकरण न केवल अधिक कुशल है, बल्कि यह भारत के लिए दीर्घकालिक स्थिरता का सबसे विश्वसनीय मार्ग भी है।' उन्होंने कहा कि लचीलापन अलग-थलग रहकर नहीं बनती, बल्कि यह एकीकृत प्रणालियों के माध्यम से बनता है। उन्होंने आगे कहा, 'ऊर्जा उद्योग को शक्ति देती है। रसद व्यापार को सक्षम बनाती है।

# एमजी विंडसर ने तोड़े बिक्री के रिकॉर्ड, वित्त वर्ष 2026 में बनी नंबर-1 इलेक्ट्रिक कार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 अप्रैल।**

भारतीय ऑटोमोबाइल बाजार में एमजी मोटर्स की कारों की मांग में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। बीते वित्त वर्ष 2026 में एमजी विंडसर ने कंपनी के सभी मॉडलों में शीर्ष स्थान हासिल करते हुए बिक्री के नए कीर्तिमान स्थापित किए। इस दौरान कुल 46,720 एमजी विंडसर ग्राहकों तक पहुँची, जो वित्त वर्ष 2025 में बेची गई 19,394 यूनिट्स के मुकाबले 141 प्रतिशत की भारी सालाना वृद्धि दर्शाती है। बिक्री सूची में दूसरे स्थान पर एमजी कॉमेट ईवी रही, जिसने 10,292 यूनिट्स की बिक्री की, जो 1 प्रतिशत की मामूली वृद्धि है। वहीं, एमजी हेक्टर के लिए यह साल चुनौतीपूर्ण रहा, जिसकी बिक्री 42 प्रतिशत घटकर 9,003 यूनिट्स रही। एमजी जेडएस ईवी की बिक्री में भी 21 प्रतिशत की गिरावट आई, और यह 5,579 यूनिट्स के साथ चौथे स्थान पर रही। एमजी एस्टर और एमजी ग्लॉस्टर ने क्रमशः 1,212 और 119 यूनिट्स की बिक्री के साथ बड़ी गिरावट दर्ज की। कुल मिलाकर, एमजी मोटर्स ने वित्त वर्ष 2026 में 72,925 नए ग्राहक जोड़े।

एमजी विंडसर की सफलता के पीछे इसका आधुनिक डिजाइन, बेहतरीन पावरट्रेन और लंबी रेंज है। यह एक इलेक्ट्रिक क्रॉसओवर है जिसमें 38 किलोवाट घंटे का बैटरी पैक है, जो 136 बीएचपी की अधिकतम शक्ति और 200 एनएम का पीक



टॉर्क उत्पन्न करता है। कंपनी का दावा है कि सिंगल चार्ज पर यह कार 331 किलोमीटर की रेंज देती है। इसकी शुरूआती एक्स-शोरूम कीमत (बिना बैटरी रेंटल के) लगभग 13.50 लाख रुपये है। फीचर्स में 15.6-इंच का बड़ा टचस्क्रीन, पैनोरमिक सनरूफ, 360-डिग्री कैमरा और लेवल-2 एडीएएस जैसे सुरक्षा फीचर्स शामिल हैं। बाजार में इसका मुकाबला टाटा नेक्सन ईवी और महिंद्रा एक्सयूवी400 जैसी गाड़ियों से होता है।

# लू को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग का हीट एक्शन प्लान लागू

» गुरुग्राम, यूटर्न/ 29 अप्रैल।




सेक्टर-10 स्थित नागरिक अस्पताल में तेज धूप और लू के कारण अप्रैल महीने में ही करीब 500 से 600 मरीज ओपीडी में पहुंचे। बढ़ती गर्मी और लू को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने हीट एक्शन प्लान लागू कर दिया है। इसके तहत अस्पतालों में मरीजों को ओआरएस की पाउच निशुल्क वितरित की जाएगी। साथ ही मेडिसिन ओपीडी और कैजुअल्टी में भी ओआरएस मुफ्त उपलब्ध कराए जाएंगे। मुख्यालय स्तर से निर्देश जारी किए गए हैं। मरीजों के इलाज के लिए आवश्यक फ्लूइड आइस पैक और अन्य जरूरी सामग्री का पर्याप्त स्टॉक सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए हैं। इसके अलावा जिले के सभी 43 स्वास्थ्य केंद्रों पर ओआरएस का पर्याप्त भंडारण रखने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। तेज धूप और लू के कारण नागरिक अस्पताल में पेट दर्द, सिर दर्द और उल्टी-दस्त जैसी समस्याओं के मरीज अधिक आ रहे हैं। स्थिति गंभीर होने पर कई मरीजों को अस्पताल में भर्ती किया जा रहा है। डॉक्टरों ने लोगों को धूप से बचने और पर्याप्त पानी पीने की सलाह दी है।

जिले के सभी 43 स्वास्थ्य केंद्रों पर ओआरएस पैकेट का पर्याप्त स्टॉक रखने के आदेश दिए गए हैं। आवश्यकता पड़ने पर मरीजों को नागरिक अस्पताल में भर्ती किया जा रहा है ताकि समय पर उपचार और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित हो सकें। -डॉ. लोकवीर, सीएमओ, स्वास्थ्य

# साइबर ठगों ने युवती सहित चार लोगों को बनाया ठगी का शिकार

» गुरुग्राम, यूटर्न/ 29 अप्रैल।



साइबर ठगों ने मानेसर क्षेत्र में युवती सहित चार लोगों को ठगी का शिकार बनाया है। चार मामलों में कुल 2.55 लाख रुपये की ठगी हुई है। पीड़ितों की शिकायत के आधार पर पुलिस ने साइबर अपराध थाना मानेसर में अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

सेक्टर-86 स्थित पिरामिड सोसाइटी निवासी कीर्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 16 अप्रैल को उसके पापा पवन शर्मा के व्हाट्सएप से एक मैसेज आया कि वे अस्पताल में भर्ती हैं व 48 हजार रुपये की जरूरत है। व्हाट्सएप पर एक क्यूआर कोड भी भेजा तो उसने रुपये ट्रांसफर कर दिए। जब पीड़िता ने अपने पिता को कॉल करके हालचाल पूछा तो वे ठीक मिले। जब उनके पिता ने अपना मोबाइल देखा तो पता चला कि व्हाट्सएप को हैक करके वारदात को अंजाम दिया गया है। साइबर ठग ने इसके बाद भी पीड़िता को रुपये भेजने के मैसेज किए।

हयातपुर में रहने वाले राजेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 2 अप्रैल को उसके एचडीएफसी बैंक खाते से दो बार में 93 हजार रुपये निकल गए। जबकि न तो उनके पास कोई ओटीपी आया और न ही उन्होंने किसी को अपने बैंक खाते संबंधी जानकारी शेयर की थी। पीड़ित ने पुलिस से अज्ञात जालसाज के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

तीसरे मामले में सेक्टर-81 निवासी मृगांक पिल्लई ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वे एक आईटी कंपनी में सलाहकार के रूप में काम करते हैं।

8 अप्रैल को एक व्यक्ति ने उनको व्हाट्सएप किया और खुद को आईटी कंपनी का संस्थापक बताया। उनको अमेजन के माध्यम से स्टीम क्रेडिट्स खरीदने के लिए कहा।

उस व्यक्ति ने पीड़ित को व्हाट्सएप पर कूपन कोड शेयर करने के लिए कहा तो उन्होंने कर दिए। आरोपी ने तुरंत कोड का प्रयोग कर लिया। आरोपी ने पीड़ित से 62,500 रुपये की ठगी की। वहीं, चौथे मामले में मानेसर क्षेत्र के कासन गांव में रहने वाले श्रीनिवास सिंह ने पुलिस को शिकायत दी कि 8 अप्रैल को उनके व्हाट्सएप पर अनजान नंबर से कॉल आई थी।

# ट्रक से सामान चोरी करने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

» गुरुग्राम, यूटर्न/ 29 अप्रैल।



बिलासपुर थाने की पुलिस ने अप्रैल 2022 में चालक से मिलीभगत करके ट्रक से सामान चोरी करने के मामले में आरोपी को नूंह से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को दो दिन के रिमांड पर लिया है।

मामले में अब तक छह आरोपी को गिरफ्तार किया जा चुका है और 40 मोबाइल बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार आरोपी की पहचान पलवल (हरियाणा) के उटावड़ गांव निवासी जहीर (40) के रूप में हुई है। आरोपी से पूछताछ में पता चला कि उसने जिलशाद (ट्रक चालक) व अन्य साथी आरोपी रोहित, मोहम्मद आशिक, परवेज, तारीफ व जहीर के साथ मिलकर ट्रक से सामान चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। इसके लिए उसे 50 हजार रुपये मिले थे। बतादें कि 22 अप्रैल 2022 को एक कंपनी के मैनेजर ने बिलासपुर थाने में शिकायत दी कि उनकी कंपनी का ट्रक 13 अप्रैल 2022 को माल लेकर ब्लूडार्ट एक्सप्रेस लिमिटेड, बिनौला (बिलासपुर) पहुंचा था। जहां चालक ट्रक को गेट के पास छोड़कर भाग गया था। ट्रक में लदे माल की जांच करने पर उसमें से करीब 20 बॉक्स कम पाए गए। जांच में सामने आया कि ट्रक चालक जिलशाद माल चोरी करके ले गया। शिकायत के आधार पर 22 अप्रैल 2022 को बिलासपुर थाने में संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी।

# सड़क हादसे में घायल की उपचार के दौरान

» गुरुग्राम, यूटर्न/ 29 अप्रैल।




बादशाहपुर थाना क्षेत्र में 22 अप्रैल की रात को हुए सड़क हादसे में घायल युवक की 27 अप्रैल की देर रात को उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के दोस्त हुकम सिंह की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है। मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। मृतक की पहचान महेंद्रगढ़ के ताजपुर अटेली गांव निवासी राकेश कुमार (51) के रूप में हुई है। वह गुरुग्राम की एक कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था। मृतक के दोस्त हुकम सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 22 अप्रैल की रात को अपने दोस्त राकेश कुमार के साथ बाइक पर सवार होकर वाटिका बिजनेस पार्क जा रहा था।

जब वे एसपीआर रोड से वाटिका चौक से पहले अंडरपास में न जाकर बाइक को बांई तरफ मोड़ने लगे तो पीछे से आ रही एक गाड़ी ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में हुकम सिंह को हल्की चोटें आईं, जबकि राकेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया।

## संक्षिप्त खबरें

### युवक की गला दबाकर हत्या के मामले में दोनों आरोपी एक दिन के रिमांड पर

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 29 अप्रैल।** सेक्टर-53 थाना क्षेत्र में बनी झुग्गियों में अमन की हत्या करने वाले दोनों आरोपी सोनू व मोहम्मद मिराज को मंगलवार को अदालत में पेश किया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को एक दिन रिमांड पर लिया है।

रिमांड के दौरान आरोपियों से अमन की हत्या के बारे में गहनता से पूछताछ की जाएगी। हत्या के मामले में अभी तक सुनीता की संलिप्ता सामने नहीं आई है। अभी तक आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि यह हत्या अवैध संबंधों के कारण हुई है। अमन (मृतक) के साथ सहमति संबंध में रहने वाली सुनीता के साथ आरोपी सोनू कुमार के संबंध स्थापित हो गए थे। जिसके बारे में उसे पता चल गया था। उन्होंने पुलिस को बताया कि 25 अप्रैल की सुबह करीब 6.30 बजे गला दबाकर अमन की हत्या की थी। इसके बाद शव को लोहे के संदूक में छुपा दिया था। जब अमन के साथ सहमति संबंध में रहने वाली सुनीता ने पूछा तो उसको गांजा लेने के लिए बाहर जाने की बात बताई गई। 26 अप्रैल की दोपहर संदूक से बदबू आने के बाद हत्या का खुलासा हो सका। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि हत्या के बाद शव को संदूक में छुपाने के बाद आरोपियों ने उसे ठिकाने लगाने के लिए कोई प्रयास नहीं किया था। उन्हे यह पता नहीं थी कि एक दिन बाद ही शव से बदबू आने लगेगी और हत्या का खुलासा होगा। रिमांड के दौरान आरोपियों से हत्या के बारे में पूछताछ की जा रही है। मामले में किसी अन्य की संलिप्तता पाई जाती है तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

### सड़क हादसों में दो बाइक सवार घायल

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 29 अप्रैल।** जिले में हुए अलग-अलग सड़क हादसों में दो बाइक सवार घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ितों की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालकों के खिलाफ सेक्टर-29 थाने व सेक्टर-10 थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। बागेश्वर (उत्तराखंड) के चनबौरी गांव निवासी गणेश सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सेक्टर-83 स्थित स्काई होटल में खाना बनाने का काम करता है। 25 अप्रैल को अपने दोस्त की बाइक लेकर सेक्टर-89 की ओर जा रहा था। जब वह हयातपुर गांव के पास पहुंचा तो एक तेज रफ्तार गाड़ी ने बाइक को टक्कर मार दी। घायल अवस्था में उसे सेक्टर-10 स्थित नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके बाद उसका बहादुरगढ़ के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है।

# नागरिक अस्पताल में मरीजों के लिए खुलेगी वीटा डेयरी

» गुरुग्राम, यूटर्न/ 29 अप्रैल।



सेक्टर-10 स्थित नागरिक अस्पताल में मरीजों और उनके तीमारदारों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नई पहल की जा रही है। अस्पताल प्रशासन अब परिसर में ही वीटा डेयरी खोलने की तैयारी कर रहा है, जिससे आवश्यक खाद्य सामग्री आसानी से उपलब्ध हो सकेगी।

इसके लिए अस्पताल परिसर में पार्किंग के पास करीब 650 वर्ग फीट जगह का चयन किया गया है। इस स्थान पर हजार स्कवायर फीट की जगह पर अमृत फार्मेसी के साथ डेयरी संचालित की जाएगी। अस्पताल में आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को अक्सर दूध, दही और अन्य जरूरी खाद्य पदार्थों के लिए बाहर दूर-दराज के क्षेत्रों में जाना पड़ता है, जिससे समय और ऊर्जा दोनों की बर्बादी होती है। कई बार आपात स्थिति में यह समस्या और गंभीर हो जाती है। ऐसे में अस्पताल के भीतर ही डेयरी खुलने से उन्हें बड़ी राहत मिलेगी। प्रशासन का मानना है कि इस सुविधा के शुरू होने से न केवल मरीजों को पोषण से जुड़ी चीजें समय पर मिल सकेंगी, बल्कि तीमारदारों के लिए भी दैनिक जरूरतों को पूरा करना आसान हो जाएगा।

### भेजा जा चुका है प्रपोजल

अस्पताल प्रशासन ने डेयरी खोलने के लिए जगह चयनित कर प्रस्ताव भी भेज दिया है। वर्तमान में मरीजों और तीमारदारों को देर शाम या रात के समय जरूरी सामान लेने के लिए दूर जाना पड़ता है। कई बार आसपास दुकानें बंद होने से उन्हें काफी परेशानी उठानी पड़ती है।

# सीएनजी ऑटो में आग लगने से झुलसे चालक की उपचार के दौरान मौत

» गुरुग्राम, यूटर्न/ 29 अप्रैल।



सदर थाना क्षेत्र में हंस एन्क्लेव के सामने दिल्ली-जयपुर हाईवे (एनएच-48) पर 27 अप्रैल की देर रात 2 बजे सीएनजी ऑटो में आग लग गई। सूचना मिलने पर नाहरपुर रूपा चौकी की पुलिस और सेक्टर-29 फायर स्टेशन से एक दमकल गाड़ी मौके पर पहुंची। दमकल टीम ने पानी का छिड़काव करके ऑटो में लगी आग को बुझाया। पुलिस ने ऑटो चालक को झुलसी हालत में पाया तो उसे एंबुलेंस से सेक्टर-5 स्थित निजी अस्पताल में पहुंचाया। मंगलवार की सुबह करीब 11 बजे चालक की उपचार के दौरान मौत हो गई। मृत चालक की पहचान नहीं हो सकी है।

जानकारी के अनुसार रात करीब 1.45 बजे दिल्ली-जयपुर हाईवे पर सीएनजी ऑटो में आग लग गई। देर रात हाईवे पर वाहनों की संख्या कम होती है। ऐसे में ऑटो में आग पर कोई चालक को बचाने नहीं आया होगा।

पुलिस यह जानने का प्रयास कर रही है कि ऑटो चालक नशे में तो नहीं था जिस कारण वह ऑटो से नहीं उतर पाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस मृत चालक की पहचान करने में जुटी है।

### अर्जुननगर में एक मकान पर पंजीकृत है ऑटो

पुलिस की जांच में सामने आया कि ऑटो अर्जुननगर के मकान के पते पर वर्ष 2018 में पंजीकृत है। पूछताछ में पता चला कि जिस व्यक्ति के नाम ऑटो है, वह करीब पांच साल पहले ही गुरुग्राम छोड़कर जा चुका है और उसने दूसरे को ऑटो बेच दिया था। हालांकि अभी भी ऑटो उसी के नाम पर है। नाहरपुर रूपा के प्रभारी एसआई अनिल ने बताया कि ऑटो मालिक से बात की गई तो पता चला वह कई साल पहले ही बिहार जा चुका है। ऑटो कितनी बार बिका है व वर्तमान में किसके पास था, इसके बारे में उसे जानकारी नहीं है।

### ऑटो यूनियन से चालक का पता लगा रही पुलिस

मृत ऑटो चालक की पहचान करने के लिए पुलिस ऑटो यूनियन से जानकारी ली जा रही है। यूनियन पदाधिकारियों व चालकों से ऑटो के पंजीकरण नंबर के आधार पर चालक की पहचान करने में जुटी है। ऑटो चालक एक-दूसरे को जानते हैं, ऐसे में चालक के बारे में जानकारी मिल सकती है।

मृत ऑटो चालक की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। जांच की जा कर रही है कि ऑटो में किस वजह से आग लगी थी। संभावना है कि सीएनजी सिलिंडर फटने से आग लगी होगी। -महेंद्र, एएसआई व जांच अधिकारी, नाहरपुर रूपा चौकी।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA



## परिणीति चोपड़ा का पुराना वीडियो खूब हो रहा वायरल

हाल ही में राघव चड्ढा राजनीतिक गलियारों में उस वक्त सुर्खियों में आ गए, जब वे आम आदमी पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हुए। उनके साथ ही स्वाति मालीवाल, हरभजन सिंह, संदीप पाठक, अशोक मित्तल, राजिंदर गुप्ता और विक्रम साहनी जैसे कई अन्य प्रमुख चेहरे भी भाजपा में शामिल हुए हैं। इस राजनीतिक उथल-पुथल के बीच, परिणीति चोपड़ा का एक पुराना वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह खुले तौर पर यह कहती हुई दिख रही हैं कि वह कभी किसी राजनेता से शादी नहीं करेंगी। यह वायरल वीडियो एक फिल्म के प्रमोशन के दौरान का है, जब परिणीति चोपड़ा से उनके आदर्श जीवनसाथी और शादी की पसंद के बारे में पूछा गया था। उस समय, अभिनेत्री ने एक हॉलीवुड एक्टर का नाम लिया था, जिसे वह अपने पार्टनर के रूप में देखती थीं। जब उनसे विशेष रूप से यह सवाल किया गया कि क्या वह किसी राजनेता से शादी करेंगी, तो परिणीति ने स्पष्ट शब्दों में कहा था.



## कलाकारों को केवल मनोरंजन का साधन ना समझे : कैलाश खेर

हाल ही में सूफी अंदाज में गायन के लिए मशहूर गायक कैलाश खेर ने कहा कि कलाकारों को केवल मनोरंजन का साधन या जोकर नहीं समझा जाना चाहिए। उन्होंने इस तरह की मांगों को अनुचित बताया और संगीतकारों की तुलना अन्य क्षेत्रों के सम्मानित पेशेवरों से की, जिससे उनकी बात में और वजन आ गया। कैलाश खेर हाल ही में दिल्ली में आयोजित एक प्रतिष्ठित अवॉर्ड शो के मंच पर अपनी बेबाक राय व्यक्त कर चर्चा में आ गए हैं। जब उनसे समारोह में कुछ पंक्तियाँ गाने की गुजारिश की गई, तो उन्होंने न सिर्फ विनम्रता से इनकार किया, बल्कि आयोजकों और कार्यक्रम में उपस्थित दर्शकों को भी एक महत्वपूर्ण नसीहत दी। अपने शब्दों में जोर देते हुए कैलाश खेर ने कहा, यह वैसा ही है जैसे आप किसी महान क्रिकेटर, जैसे सचिन तेंदुलकर, से कहें कि जरा एक छक्का लगाकर दिखा दीजिए? या किसी सैनिक से यह उम्मीद करें कि अपनी पोजीशन लेकर एक गोली चलाकर दिखा दे। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस तरह की मांगें कलाकारों की गरिमा के खिलाफ हैं।



# पूजा हेगड़े के

## रिलेशनशिप की अफवाहें फिर चर्चा में, सोशल मीडिया पर कन्फर्मेशन को लेकर हलचल

पूजा हेगड़े जो चुपचाप रडार से गायब हो गई थीं, अब फिर से सुर्खियों में आ गई हैं, और इस बार, यह सिर्फ फिल्मों के बारे में नहीं है। फिल्मफेयर के एक पोस्ट ने हंगामा खड़ा कर दिया है, जिसमें दावा किया गया है कि पूजा पिछले कुछ सालों से बाजार एक्टर रोहन मेहरा को डेट कर रही हैं। यह कोई कैजुअल लिंक अप नहीं है, न ही कोई उड़ती हुई अफवाह है, बल्कि कुछ ऐसा है जो कथित तौर पर पर्दे के पीछे लगातार पक रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों को पिछले साल इवेंट्स में एक साथ देखा गया है, जिससे बिना पब्लिकली बात किए चुपचाप अटकलों को हवा मिली है। चलिए एक पल के लिए असलियत पर आते हैं। जब फिल्मफेयर जैसा प्लेटफॉर्म किसी कहानी के पीछे अपना दम दिखाता है, तो वह शायद ही कभी बिना किसी सपोर्ट के ऐसा करता है। बॉलीवुड के शब्दों में, यह क्रेडिबिलिटी की मुहर के सबसे करीब होता है। इसलिए, जबकि दोनों तरफ से ऑफिशियली कुछ भी कन्फर्म नहीं किया गया है, यह सिर्फ एक और बेबुनियाद अफवाह नहीं है। अगर कुछ है, तो यह अटकलों को मजबूती से '99 परसेंट सच' जोन में धकेल देता है। और जब यह कहानी जम ही रही थी, तो एक और ट्विस्ट आ गया। कुछ समय तक कम चर्चित रहने के बाद, पूजा फिर से चर्चा में आती दिख रही हैं, और इस बार, उन्हें वरुण धवन के साथ फिर से जोड़ा जा रहा है। पूरा चक्कर? शायद। वह कुछ समय के लिए गायब थीं और अब वरुण धवन के साथ चर्चा में वापस आ गई हैं। या बस बॉलीवुड वही कर रहा है जो वह सबसे अच्छा करता है, आखिरी फ्रेम तक सबको अंदाजा लगाने पर मजबूर कर रहा है।

## संघर्ष और सपनों पर खुलकर बोलीं रश्मि देसाई, 'मैं सिंगल हूं, लेकिन मजबूत हूं'



एक्टिंग की दुनिया में कई सितारे सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचते हैं, लेकिन कुछ कलाकार असफलताओं और निजी संघर्षों का सामना करते हुए टूट भी जाते हैं। हालांकि कुछ कलाकार ऐसे भी होते हैं जो हर मुश्किल के बाद और मजबूत होकर सामने आते हैं। ऐसी ही हैं रश्मि देसाई, जिन्होंने अपने करियर और निजी जिंदगी में कई उतार-चढ़ाव देखे, लेकिन कभी हार नहीं मानी। आईएएनएस संग बातचीत में रश्मि ने अपने संघर्ष, सपनों, असफलताओं और अपनी शर्तों पर जिंदगी जीने को लेकर खुलकर बात की। आईएएनएस से बात करते हुए रश्मि देसाई ने खुद को एक मजबूत सोच वाली सिंगल महिला बताते हुए कहा, 'मैंने जिंदगी में हमेशा आगे बढ़ना सीखा है। मेरे लिए जिंदगी में बदलाव आना बिल्कुल सामान्य बात है, और यही जीवन का सबसे बड़ा सच भी है। हर चीज एक समय के बाद बदल जाती है, इसलिए इंसान को भी बदलाव को अपनाना सीखना चाहिए।' उन्होंने कहा, ''मैंने अपनी जिंदगी से एक सबसे अहम बात सीखी है और वह है लगातार आगे बढ़ते रहना। अगर इंसान रुक जाता है तो वह पीछे छूट जाता है, इसलिए मुश्किल हालात में भी आगे बढ़ना जरूरी होता है।'' अभिनेत्री ने कहा, ''जैसे-जैसे इंसान जिंदगी में आगे बढ़ता है, वैसे-वैसे उसके सपने भी बड़े होते जाते हैं। सपने देखने पर कोई टैक्स खर्च नहीं लगता। इसलिए इंसान को बिना डरे बड़े सपने देखने चाहिए। हर व्यक्ति को खुद को हर कदम पर चुनौती देनी चाहिए और अपनी क्षमता को पहचानने की कोशिश करनी चाहिए। इंसान का काम अपनी तरफ से पूरी मेहनत करना है, बाकी चीजें भगवान पर छोड़ देनी चाहिए।'' रश्मि ने अपनी जिंदगी के मुश्किल दौर को भी याद किया। उन्होंने कहा, ''मैंने कई बार असफलताओं का सामना किया है। मैं जिंदगी में कई बार गिरी हूं, लेकिन हर बार खुद को संभाला और फिर से खड़ी हुई। असफलताएं इंसान को बहुत कुछ सिखाती हैं। सफलता इंसान को खुशी देती है, लेकिन असफलता उसे मजबूत बनाती है और जिंदगी की असली सीख देती है।'' उन्होंने कहा, ''एक सिंगल महिला होने के बावजूद मैंने कभी खुद को कमजोर नहीं समझा। मैं मानसिक रूप से बहुत मजबूत हूं और किसी भी मुश्किल परिस्थिति में हार मानने में विश्वास नहीं रखतीं। जिंदगी में मुश्किलें सभी के सामने आती हैं, लेकिन जरूरी यह है कि इंसान उनका सामना कैसे करता है।''

## टी20 विश्वकप के लिए टीम को एकजुट होकर खेलना होगा : हरमनप्रीत

**बेनोनी, यूटर्न/ 29 अप्रैल।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा है कि आगामी टी20 विश्वकप को देखते हुए उनकी टीम को अपने प्रदर्शन को बेहतर करना होगा। टी20 विश्वकप जुलाई में इंग्लैंड में खेला जाएगा। भारतीय टीम को यहां जिस प्रकार दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच टी20 मैचों की सीरीज में 4-1 से करारी हार का सामना करना पड़ा है उसपर हरमनप्रीत ने नाराजगी जतायी है और कहा है कि अब इस प्रकार की गलती नहीं की जा सकती है। कप्तान ने साफ कर दिया है कि अब टीम को एकजुट होकर खेलना होगा। हरमनप्रीत ने कहा कि जिस प्रकार से भारतीय टीम यहां अंतिम मैच में 156 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए लड़खड़ा गई और केवल 23 रनों से हार मिली, उस कमजोरियों को हमें दूर करना होगा। इंग्लैंड में होने वाले टी20 विश्व कप से ठीक दो महीने पहले मिली इस हार से टीम की कमजोरियां सामने आ गयी हैं। इसी को देखते हुए हरमनप्रीत ने कहा, हमें एक समूह के तौर पर साथ बैठकर सोचना होगा कि आगे कैसे बढ़ना है। यह हमारे लिए निराशाजनक है, लेकिन इसमें हमारे लिए बहुत सी सकारात्मक बातें और सीखने के लायक चीजें भी हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि टीम को लगातार कड़ी मेहनत करते रहने की जरूरत है ताकि विश्वकप की अच्छे से तैयारी की जा सके। हरमनप्रीत ने कहा कि पॉवरप्ले में भी हमारी टीम पर्याप्त रन नहीं बना पायी और इस कमी को भी हमें दूर करना होगा। इसके अलावा टीम को अपनी गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण में भी सुधार करना होगा।



## रुतुराज के नाम है एक ओवर में सात छक्के का रिकार्ड

» **मुम्बई, यूटर्न/ 29 अप्रैल।**

भारत के स्टार बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ के नाम एक एक ऐसा रिकार्ड है जो किसी के नाम नहीं है। घरेलू क्रिकेट में उनके नाम एक ही ओवर में सात छक्के का एक रिकार्ड है जो कि काफी हैरानी भरा भी है क्योंकि एक ओवर में 6 छक्के लगाना ही अपने आप में एक बहुत बड़ी उपलब्धि मानी जाती है। ये रिकार्ड युवराज सिंह, हर्शल गिब्स और कीरोन पोलार्ड जैसे दिग्गजों के नाम है। वहीं किसी एक ओवर में सात छक्के लगने की बात काफी असंभव सी नजर आती है।

रुतुराज ने ये उपब्धि विजय हजारे ट्रॉफी 2022 के क्वार्टर फाइनल मैच के दौरान हासिल की थी। उत्तर प्रदेश के साथ मुकाबले में वह महाराष्ट्र की ओर से बल्लेबाजी कर रहे थे। तब गायकवाड़ ने 49वां ओवर फेंकने आए उत्तर प्रदेश के बाएं हाथ के स्पिनर शिवा सिंह के ओवर की पहली चार गेंदों पर छक्के लगाये। वहीं पांचवी गेंद नो बाल रही जिसपर भी उन्होंने छक्का जड़ दिया। वहीं अगली दो गेंदों पर भी उन्होंने छक्के लगा दिये। इस तरह रुतुराज ने एक ही ओवर में कुल 7 छक्के जड़ दिए और उस ओवर से 43 रन बनाये जो एक नया रिकार्ड है।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रंप ने फ्रेडरिक मर्ज.की तीखी आलोचना की

**वाशिंगटन, यूटर्न/ 29 अप्रैल।** ईरान के मुद्दे पर अमेरिका और उसके यूरोपीय सहयोगियों के बीच गहराते मतभेद के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज.की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि श्री मर्ज. को लगता है कि ईरान का परमाणु हथियार संपन्न होना ठीक है। श्री ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर कहा कि इसमें कोई आश्चर्य नहीं है कि जर्मनी आर्थिक और अन्य मोर्चों पर इतना खराब प्रदर्शन कर रहा है। उन्होंने कहा कि जर्मन चांसलर को नहीं पता कि वह क्या कह रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि यदि ईरान के पास परमाणु हथियार होता, तो पूरी दुनिया को बंधक बना लिया जाता। उन्होंने कहा कि वह अभी ईरान के संबंध में वह कदम उठा रहे हैं, जो अन्य देशों या राष्ट्रपतियों को बहुत पहले कर लेने चाहिए थे।

### भारत के साथ सैन्य-तकनीकी सहयोग और बढ़ाने का इच्छुक है रूस

**मॉस्को, यूटर्न/ 29 अप्रैल।** रूस ने कहा है कि वह भारत के साथ सैन्य-तकनीकी सहयोग को और बढ़ाने का इच्छुक है और मिल कर काम करने तथा और लाइसेंस प्राप्त हथियार निर्माण के लिए तैयार है। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने भारतीय सूचना पोर्टल 'फर्स्टपोस्ट' को दिए एक साक्षात्कार में कहा 'रूस, भारत के साथ सैन्य-तकनीकी सहयोग बढ़ाना जारी रखने का इरादा रखता है। भारतीय सशस्त्र बलों की सभी शाखाओं के लिए विस्तृत श्रृंखला में सैन्य उत्पादों की आपूर्ति परस्पर सहमत समय सीमा पर की जा रही है। इसके अलावा वह संयुक्त रूप से लाइसेंस प्राप्त हथियारों के निर्माण के लिए भी तैयार है।

# ईरान ने मिडिल ईस्ट युद्ध शुरू होने के बाद से 21 लोगों को फांसी दी और 4,000 गिरफ्तार: यूएन

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 अप्रैल।**



संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि मिडिल ईस्ट में हमले शुरू होने के बाद से ईरान ने कम से कम 21 लोगों को फांसी दी है और 4,000 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया है। 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल की तरफ से ईरान पर हमले किए जाने के बाद पश्चिम एशिया में भारी तनाव देखने को मिला।

यूएन राइट्स के ऑफिस ने कहा, 'अमेरिका-इजरायली हमलों की वजह से लड़ाई शुरू होने के बाद से जनवरी 2026 के विरोध प्रदर्शनों के सिलसिले में कम से कम नौ लोगों को फांसी दी गई है। इसके अलावा दस को विपक्षी समूह में कथित तौर पर शामिल होने के लिए और दो को जासूसी के आरोप में फांसी दी गई है।' एजेंसी ने एक बयान में कहा, '28 फरवरी से अब तक ईरान में राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े आरोपों में 4,000 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया गया है।' इसके अलावा, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर ईरान को नई चेतावनी दी है। ट्रंप ने दावा किया, 'ईरान अपने काम को ठीक से नहीं कर पा रहा है। जल्द ही होशियार हो जाओ। उन्हें नहीं पता कि नॉन-न्यूक्लियर डील पर साइन कैसे करना है।' वहीं, होर्मुज संकट के बीच तेल की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने सहयोगियों को ईरानी बंदरगाहों की लंबी

> एजेंसी ने एक बयान में कहा, '28 फरवरी से अब तक ईरान में राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े आरोपों में 4,000 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया गया है।'

नाकाबंदी के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया है। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से मंगलवार देर रात रिपोर्ट दी कि ट्रंप ने ईरान के बंदरगाहों से आने-जाने वाली शिपिंग को रोककर उसकी अर्थव्यवस्था और तेल एक्सपोर्ट को दबाना जारी रखने का फैसला किया है। ईरान के यूएन दूत, आमिर सईद इरावानी ने यूएन महासचिव और सिक्योरिटी काउंसिल के अध्यक्ष को एक लेटर भेजा है, जिसमें उन्होंने अमेरिका के ईरानी जहाजों पर कब्जा करने का कड़ा विरोध किया है और इस काम को पाइरेसी बताया है। ईरानी की अर्ध-सरकारी तस्नीम न्यूज एजेंसी के मुताबिक, उन्होंने लेटर में कहा, 'घरेलू इंतजामों पर भरोसा करना, जो असल में गैर-कानूनी हैं, किसी भी हालत में ताकत के इस्तेमाल से किए गए ऐसे घिनौने जुर्म को सही नहीं ठहरा सकता।'

## ईरान की ट्रंप को सीधी धमकी- एक तेल कुआं बराबर चार तेल कुएं

» **वाशिंगटन, यूटर्न/ 29 अप्रैल।**



अमेरिका और ईरान के बीच घोषित युद्धविराम के बावजूद दोनों देशों के संबंधों में तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। अब यह टकराव सीधे सैन्य संघर्ष से हटकर तीखी बयानबाजी और रणनीतिक चेतावनियों के रूप में सामने आ रहा है, जिससे पूरे मध्य-पूर्व क्षेत्र में अस्थिरता की आशंका गहरा गई है। हाल ही में डोनाल्ड ट्रंप की सख्त चेतावनी के बाद ईरान ने भी आक्रामक रुख दिखाकर स्पष्ट संकेत दिया है कि वह किसी भी दबाव में झुकने वाला नहीं है। ईरानी उपराष्ट्रपति इस्माइल साघाव एस फाहानी ने कहा कि यदि अमेरिका या उसके सहयोगियों ने ईरान के तेल संसाधनों या बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचाया, तब उसका जवाब कई गुना अधिक ताकत से दिया जाएगा। उनका बयान 'एक तेल कुआं चार तेल कुएं' इस बात का संकेत है कि ईरान अब केवल रक्षात्मक नहीं, बल्कि आक्रामक जवाबी रणनीति पर काम कर रहा है। इसके पहले ट्रंप ने भी चेतावनी दी थी कि यदि ईरान युद्धविराम का पालन नहीं करता, तब अमेरिका उसकी तेल पाइपलाइनों को टारगेट कर सकता है। विशेषज्ञों ने बयान को अप्रत्यक्ष सैन्य धमकी के रूप में देखा है। कूटनीतिक स्तर पर भी स्थिति ठहरी हुई है। ईरान ने पाकिस्तान की मध्यस्थता पर भी सवाल उठाए हैं। ईरानी संसद के प्रवक्ता इब्राहिम रजाई ने कहा कि पाकिस्तान निष्पक्ष भूमिका निभाने में सक्षम नहीं है और वह अक्सर अमेरिकी हितों के अनुरूप कार्य करता है।

## ट्रंप ने ईरान की घेराबंदी जारी रखने का आदेश दिया

**वाशिंगटन, यूटर्न/ 29 अप्रैल।** अमेरिका और ईरान के बीच बात ठप होने के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रशासन को ईरान की घेराबंदी जारी रखने के निर्देश दिए हैं। स्थानीय मीडिया के अनुसार, व्हाइट हाउस में सोमवार को शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों के साथ हुई बैठक में श्री ट्रंप ने ईरान की अर्थव्यवस्था और तेल निर्यात पर दबाव बनाए रखने के लिए यह निर्णय लिया है। इसके तहत ईरानी बंदरगाहों से होने वाली जहाजों की आवाजाही को पूरी तरह रोकने की रणनीति अपनाई गई है। वॉल स्ट्रीट जर्नल अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, श्री ट्रंप वर्तमान में अपनी इस मांग को छोड़ने के पक्ष में नहीं हैं कि ईरान कम से कम 20 वर्षों के लिए अपने परमाणु संवर्धन को स्थगित करने की शपथ ले और उसके बाद भी कड़े प्रतिबंधों को स्वीकार करे। श्री ट्रंप ने अपने सहयोगियों से कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने और परमाणु वार्ता को बाद की वाताओं के लिए छोड़ने का ईरान का तीन चरणों वाला प्रस्ताव यह साबित करता है कि ईरान नेक नीयत से बातचीत नहीं कर रहा है। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता अन्ना केली ने कहा कि अमेरिका ने ईरान के साथ युद्ध में अपने सैन्य उद्देश्यों को पूरा कर लिया है। उन्होंने कहा कि ईरानी बंदरगाहों की सफल घेराबंदी के कारण, अमेरिका के पास अब 'अधिकतम लाभ' की स्थिति है।

## अमेरिका-ईरान टकराव ने ताजा की शीत युद्ध की यादें

**वाशिंगटन, यूटर्न/ 29 अप्रैल।** अमेरिका और ईरान के बीच टकराव एक लंबे, तनावपूर्ण गतिरोध में तब्दील होता जा रहा है - जो खुले युद्ध से कम, बल्कि आर्थिक दबाव, नौसैनिक अभ्यास और रुक-रुक कर दिए जाने वाले राजनयिक संकेतों से अधिक परिभाषित है और शीत युद्ध की याद दिलाता है। 'एक्सियोस' की एक रिपोर्ट में कहा गया कि इसके अलावा, यह चिंता बढ़ती जा रही है कि स्थिति 'न युद्ध, न समझौता' वाली स्थिति में बदल सकती है, क्योंकि जमीनी परिदृश्य से संकेत मिलता है कि अमेरिकी सेना को निकट भविष्य में इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में बने रहने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है, जबकि होर्मुज जलडमरूमध्य काफी हद तक प्रतिबंधित रहेगा और नौसैनिक नाकाबंदी जारी रहेगी, क्योंकि दोनों पक्ष एक-दूसरे के झुकने का इंतजार कर रहे हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के लिए, दांव सिर्फ रणनीतिक ही नहीं बल्कि राजनीतिक भी है, क्योंकि उनकी लोकप्रियता रेटिंग सर्वकालिक निचले स्तर पर है, वहीं मध्यावधि चुनाव भी नजदीक हैं। एक लंबा चलने वाला संकट महंगाई को सर्वकालिक उच्च स्तर पर बनाए रखने का जोखिम पैदा करता है, और इसका कोई समाधान नजर नहीं आ रहा है। प्रशासन के भीतर, कोई एक राय नहीं है। सलाहकारों का कहना है कि राष्ट्रपति दो रास्तों पर विचार कर रहे हैं - या तो और अधिक सैन्य कार्रवाई करके स्थिति को और बिगाड़ें, या आर्थिक दबाव को और बढ़ाएं ताकि ईरान को अमेरिका की शर्तों पर बातचीत के लिए वापस आने के लिए मजबूर किया जा सके।

## आप मेरी मां का क्रश...ट्रंप के कहते ही शर्म से लाल हुए किंग चार्ल्स

**वाशिंगटन, यूटर्न/ 29 अप्रैल।** व्हाइट हाउस में एक बेहद यादगार और दिलचस्प नजारा देखने को मिला, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ब्रिटेन के राजा चार्ल्स 3 की मेजबानी की। 28 अप्रैल को आयोजित इस औपचारिक कार्यक्रम में ट्रंप ने कूटनीतिक औपचारिकताओं के बीच अपने परिवार से जुड़ी एक ऐसी मजेदार बात साझा की, जिसने वहां मौजूद सभी लोगों के चेहरे पर मुस्कान ला दी। ट्रंप ने मुस्कुराते हुए खुलासा किया कि उनकी दिवंगत मां, मैरी ऐन मैक्लियोड ट्रंप, युवावस्था के दौरान प्रिंस चार्ल्स को बेहद पसंद करती थीं। ट्रंप ने मजाकिया लहजे में कहा कि एक वक्त था जब उनकी मां को चार्ल्स पर क्रश हुआ करता था। यह सुनकर 77 वर्षीय किंग चार्ल्स भी अपनी हंसी नहीं रोक पाए और माहौल काफी हल्का-फुल्का हो गया।

## पाकिस्तान के पास नहीं बचा तेल, पेट्रोलियम मंत्री ने भारत से तुलना कर बयां किया दर्द

» **इस्लामाबाद, यूटर्न/ 29 अप्रैल।**



मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध और बढ़ते तनाव ने न केवल वैश्विक ऊर्जा संकट पैदा कर दिया है, बल्कि कई देशों की अर्थव्यवस्था को घुटनों पर ला दिया है। इस भू-राजनीतिक अस्थिरता के बीच पाकिस्तान के पेट्रोलियम मंत्री अली मलिक ने एक चौंकाने वाला खुलासा करते हुए देश की चरमराई व्यवस्था की पोल खोल दी है। उन्होंने स्वीकार किया कि पाकिस्तान के पास एक दिन का भी रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार (एसपीआर) नहीं बचा है, जो किसी भी आपातकालीन स्थिति में देश की जीवन रेखा होता है।

एक साक्षात्कार के दौरान अली मलिक ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान में पाकिस्तान के पास केवल पांच से सात दिनों का ही वाणिज्यिक कच्चा तेल उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) के पास मौजूद रिफाइंड उत्पाद भी अधिकतम 20 से 21 दिनों तक ही चल सकते हैं। अपनी बेबसी जाहिर करते हुए मंत्री ने भारत का उदाहरण दिया और कहा कि भारत की स्थिति पाकिस्तान से बिल्कुल उलट और बेहद मजबूत है। उन्होंने कहा कि भारत के पास 60 से 70 दिनों का विशाल भंडार सुरक्षित है और वह अपनी अंतरराष्ट्रीय साख के दम पर महज एक इशारे या दस्तखत से दुनिया के किसी भी कोने से तेल प्राप्त करने की क्षमता रखता है। मलिक ने यह भी खुलासा किया कि पाकिस्तान ने तेल सुरक्षा पर शोध कराया था और एक स्वतंत्र सलाहकार ने रणनीतिक भंडार विकसित करने के लिए विस्तृत रिपोर्ट भी सौंपी थी।

## अमेरिकी उम्मीदवारों ने चीन के वैश्विक विस्तार पर दी चेतावनी

**वॉशिंगटन, यूटर्न/ 29 अप्रैल।** चीन के बढ़ते वैश्विक प्रभाव ने अमेरिकी सीनेट की एक सुनवाई में तीखा ध्यान आकर्षित किया, जहां राजनयिक पदों के लिए नामित उम्मीदवारों ने लैटिन अमेरिका, अफ्रीका और यूरेशिया के कुछ हिस्सों में बीजिंग की बढ़ती मौजूदगी को लेकर चेतावनी दी। सीनेट की विदेश संबंध समिति के समक्ष गवाही देते हुए, कई नामित उम्मीदवारों ने चीन की आर्थिक और रणनीतिक पहुंच को अमेरिका के हितों के लिए सीधी चुनौती बताया। ग्वाटेमाला में अमेरिका के राजदूत पद के लिए नामित जुआन रोड्रिगेज ने कहा, 'पश्चिमी गोलार्ध में चीन का आर्थिक विस्तार अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा, समृद्धि और महत्वपूर्ण आपूर्ति श्रृंखलाओं के लिए खतरा है।' उन्होंने यह भी कहा कि ग्वाटेमाला क्षेत्र में 'चीनी प्रभाव के खिलाफ एक महत्वपूर्ण अवरोध' के रूप में काम कर सकता है, जो लैटिन अमेरिका में बीजिंग की मौजूदगी का मुकाबला करने के लिए वॉशिंगटन के प्रयासों को दर्शाता है।

## ईरान की माजिद तकनीक ने अमेरिका को चौंकाया, बिना रडार गिराया एफ-15ई फाइटर जेट

» **तेहरान, यूटर्न/ 29 अप्रैल।**



ईरान और अमेरिका के बीच जारी संघर्ष में पूरी दुनिया के रक्षा विशेषज्ञ इस बात पर माथापच्ची कर रहे हैं कि ईरान ने अमेरिका के अत्याधुनिक फाइटर जेट्स को आखिर गिरा कैसे दिया? यह सवाल इसलिए भी अहम है क्योंकि अमेरिका ने दावा किया था कि उसने ईरान के रडार और एयर डिफेंस सिस्टम को पूरी तरह तबाह कर दिया है। बावजूद इसके, 3 अप्रैल को अमेरिका का गर्व माना जाने वाला एफ-15ई स्ट्राइक ईगल मार गिराया गया और ए-10 वार्टहॉग को भी भारी नुकसान पहुंचा। पिछले 20 वर्षों में यह पहली बार है जब किसी दुश्मन देश ने अमेरिका का लड़ाकू विमान गिराया है। तफ्तीश में सामने आया है कि ईरान ने इसके लिए रडार आधारित पारंपरिक सिस्टम के बजाय एक नई रणनीति का उपयोग किया है। अमेरिकी फाइटर जेट्स में रडार वॉर्निंग सिस्टम लगा होता है, जो दुश्मन के रडार की तरंगों को पकड़कर पायलट को सचेत कर देता है। लेकिन ईरान के इस छोटे एयर डिफेंस सिस्टम, जिसे माजिद नाम दिया गया है, में रडार होता ही नहीं है। रडार के अभाव में अमेरिकी विमान के सेंसर किसी खतरे को भांप ही नहीं पाए और बिना किसी चेतावनी के मिसाइल का शिकार हो गए। माजिद सिस्टम इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल और इन्फ्रारेड तकनीक पर काम करता है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *